वर्ष : 34 | अंक : 271 | मुंबई, सोमवार, 8 दिसंबर 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

### जांच कमेटी गठित, सभी नाइट क्लबों का ऑडिट होगा

हादसे की गंभीरता को देखते हुए राज्य सरकार ने एक विशेष जांच कमेटी गठित की है। इसमें साउथ गोवा कलेक्टर, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज के डिप्टी डायरेक्टर और फोरेंसिक लैबोरेटरी के डायरेक्टर शामिल हैं। यह कमेटी एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट सौंपेगी। इसके अलावा राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक अलग कमेटी बनाई जाएगी, जो बिना अनुमति चल रहे क्लबों और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों का ऑडिट करेगी। सरकार सभी ऐसी जगहों के लिए नई SOP और एडवाइजरी भी जारी करेगी, जिसमें सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

### पीड़ितों के परिजनों को मुआवजा पार्थिव शरीर घर भेजे जाएंगे

राज्य सरकार ने मृतकों के आश्रितों के लिए 5 लाख रुपये और घायलों के लिए 50,000 रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है। मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके घरों तक पहुंचाने का भी पूरा इंतजाम सरकार करेगी। फायर और पुलिस टीम ने बताया कि शुरुआती तलाशी में केवल दो शव मिले थे, लेकिन बाद में रसोई क्षेत्र में 23 और शव बरामद हुए।




गोवा नाइट क्लब हादसा

# इलेक्ट्रिक पटाखों से भड़की आग

एजेंसी | गोवा

पणजी और अरपोरा क्षेत्र में स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइट क्लब में शनिवार देर रात हुए भीषण अग्निकांड ने पूरे देश को हिला दिया है। रात करीब 11.45 बजे लगी आग में दम घुटने से 25 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्लब के चार मैनेजरों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि क्लब के मालिकों के खिलाफ भी FIR दर्ज की गई है।

### मालिक सहित 6 पर FIR, चार गिरफ्तार

पुलिस ने क्लब के चार कर्मचारियों-चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजवीर सिंघानिया और गेट मैनेजर प्रियांशु ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया है। गोवा पुलिस के DGP आलोक कुमार ने बताया कि क्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा के खिलाफ भी FIR दर्ज की गई है और उनकी गिरफ्तारी जल्द की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई

सीएम सावंत ने यह भी कहा कि जिन सरकारी अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन होने के बावजूद क्लब को संचालित होने की अनुमति दी, उन्हें तुरंत सस्पेंड किया जाएगा। उन्होंने मुख्य सचिव डॉ. वी. कैंडावेलू और DGP को दोषी अधिकारियों की पहचान कर एक्शन लेने के निर्देश दिए।

### CM का बड़ा खुलासा



मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बताया कि शुरुआती जांच में आग की वजह क्लब के भीतर चलाए गए "इलेक्ट्रिक पटाखे" मानी जा रही है, जिनसे चिंगारी फैलकर आग तेजी से भड़क उठी। घटना के समय क्लब में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। आग कुछ ही मिनटों में फैलने से अफरा-तफरी मच गई, जिसके चलते अधिकांश लोगों की मौत दम घुटने से हुई। सीएम ने कहा कि यह घटना पूरी तरह मानवीय लापरवाही और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन का नतीजा है। उन्होंने साफ कहा कि राज्य सरकार किसी भी गैर-कानूनी या नियमों का उल्लंघन करने वाले नाइट क्लब को संरक्षण नहीं देगी।

### दम घुटने से हुई ज्यादातर मौतें

मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद बताया कि तीन लोगों की मौत सीधा जलने से हुई, जबकि बाकी लोगों ने धुएं की जहरीली परत के बीच दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अधिकांश मृतक नाइट क्लब की रसोई में काम कर रहे कर्मचारी थे, जो हादसे के वक्त बाहर नहीं निकल पाए।

### रातभर चला बचाव अभियान

स्थानीय विधायक माइकल लोबो ने बताया कि पुलिस और फायर टीमों ने पूरी रात रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। सभी शवों को बम्बोलिम स्थित गोवा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, जहां पहचान और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जारी है। राहतकर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### अब सभी नाइट क्लबों में फायर सेफ्टी की होगी जांच

हादसे के बाद गोवा प्रशासन ने प्रदेश के सभी नाइट क्लब, बार और मनोरंजन स्थलों की सुरक्षा जांच कराने का फैसला लिया है। विधायक लोबो ने कहा कि कलंगुटे पंचायत सोमवार को सभी क्लबों को नोटिस जारी कर फायर सेफ्टी परमिट दिखाने का आदेश देगी। जिन प्रतिष्ठानों के पास वैध अनुमतियां नहीं मिलेंगी, उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।



श्रीलंका में चक्रवात दित्वा का कहर

लैंडस्लाइड अलर्ट जारी

# मौत का आंकड़ा 618 के पार

एजेंसी | कोलंबो

श्रीलंका में चक्रवात दित्वा से हुई भारी तबाही के बाद हालात अभी भी गंभीर बने हुए हैं। लगातार बारिश के कारण मौसम विभाग ने रविवार को भूस्खलन का अलर्ट जारी किया है। पिछले सप्ताह समुद्र तट से टकराए इस भीषण चक्रवात ने पहाड़ी और मैदानी इलाकों में व्यापक नुकसान पहुंचाया है। अब तक 618 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

### भारी आर्थिक चुनौती, IMF से मदद की उम्मीद

श्रीलंका सरकार ने तबाह हुए घरों और व्यवसायों के पुनर्निर्माण के लिए बड़ी मुआवजा योजना लागू की है। अनुमान है कि पुनर्वास और पुनर्निर्माण पर लगभग 7 अरब डॉलर का खर्च आएगा। IMF 200 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त सहायता पर विचार कर रहा है। यह राशि उस 347 मिलियन डॉलर से अलग होगी जो इस महीने IMF के मौजूदा पैकेज के तहत मिलनी है। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने संसद में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सुधार की ओर है, लेकिन इतनी बड़ी आपदा से उबरने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है।

### 20 लाख से अधिक लोग प्रभावित

डिजास्टर मैनेजमेंट सेंटर (DMC) के अनुसार, देश की लगभग 10% आबादी यानी 20 लाख से ज्यादा लोग इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं। भूस्खलन और बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान मध्य पर्वतीय क्षेत्र में हुआ, जहां 464 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। लगभग 75 हजार घरों को नुकसान पहुंचा है, जिनमें से करीब 5,000 घर पूरी तरह नष्ट हो गए। अब भी 209 लोग लापता बताए जा रहे हैं।

### पहाड़ी क्षेत्रों में खतरा बना हुआ

श्रीलंका के कई हिस्सों में लगातार बारिश जारी है जिससे पहाड़ों की मिट्टी कमजोर हो चुकी है। मध्य पर्वतीय क्षेत्र और उत्तर-पश्चिमी पहाड़ियों में नए भूस्खलन की आशंका बढ़ गई है। बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण कई समुदायों का संपर्क देश के अन्य हिस्सों से टूटा हुआ है। सेना के हेलिकॉप्टर और एयरफोर्स के विमान लगातार राहत सामग्री पहुंचा रहे हैं। रविवार को श्रीलंका एयरफोर्स को म्यांमार से राहत सामग्री से भरा विमान भी मिला। सरकारी राहत शिविरों में रह रहे लोगों की संख्या 2.25 लाख से घटकर एक लाख रह गई है क्योंकि कुछ इलाकों से पानी कम होने लगा है।

### दक्षिण-पूर्व एशिया भी संकट में

पिछले दो हफ्तों में दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई देशों-श्रीलंका, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और वियतनाम में तूफानों और भारी बारिश से भारी तबाही हुई है। इन देशों में कुल 1,812 लोगों की मौत होने की पुष्टि हुई है। इंडोनेशिया के अचेह प्रांत में 916 लोगों की जान गई, 274 लोग अब भी लापता हैं। राहत कार्य का जायजा लेने पहुंचे राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को कुछ लोगों ने "डिजास्टर टूरिज्म" करने का आरोप लगाते हुए वास्तविक राहत देने की मांग की।

# 6 दिन की अफरा-तफरी के बाद इंडिगो फ्लाइट्स ट्रैक पर

610 करोड़ का रिफंड और 3,000 बैग लौटाए गए

एजेंसी | नई दिल्ली




पिछले 6 दिनों से जारी अफरा-तफरी के बाद रविवार को इंडिगो फ्लाइट्स ट्रैक पर आई। इंडिगो ने 138 में से 137 डेस्टिनेशन पर परिचालन शुरू कर दिया है। रविवार को 1,650 से ज्यादा उड़ानें संचालित हुईं। उड्डयन मंत्रालय ने अब बताया कि एयरलाइन ने अब तक यात्रियों को 610 करोड़ रुपये से अधिक का रिफंड और 3,000 बैग्स लौटाए।

### उड़ान परिचालन में सुधार

इंडिगो ने 138 में से 137 डेस्टिनेशन पर परिचालन शुरू कर दिया है। रविवार को 1,650 से ज्यादा उड़ानें संचालित हुईं, जबकि शनिवार को 1,500 से अधिक उड़ानें चली थीं। एयरलाइन ने कहा कि ऑन-टाइम परफॉर्मेंस (OTP) 75% तक पहुँचने की उम्मीद है, जो शनिवार को केवल 30% थी। कंपनी का दावा है कि 10 दिसंबर तक पूरा नेटवर्क पूरी तरह स्थिर हो जाएगा। इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कर्मचारियों को वीडियो संदेश में कहा कि फंसे हुए यात्रियों की सुविधा और परिचालन सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### MoCA की निगरानी और बैठकें

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सभी एयरपोर्ट्स की रियल-टाइम स्थिति पर लगातार नजर रखने और स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक करने का निर्देश दिया। एयरलाइन ऑपरेटरों, ग्राउंड-हैंडलिंग एजेंसियों और हवाई अड्डा अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि सभी फंसे हुए यात्री, विशेषकर वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग यात्री, सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से यात्रा कर सकें।

### इंडिगो के CEO ने की कर्मचारियों से मुलाकात

सरकार और DGCA की कार्रवाई के बीच इंडिगो एयरलाइन के CEO पीटर एल्बर्स रविवार को गुरुग्राम स्थित कंपनी ऑफिस पहुँचे और कर्मचारियों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पूरे स्टाफ ने मुश्किल स्थिति में भी प्रोफेशनल तरीके से काम किया है। उन्होंने आंतरिक संदेश में लिखा कि शुक्रवार की तुलना में शनिवार को 1,500 उड़ानों का संचालन हुआ और कई उड़ानें समय रहते रद्द कर दी गईं, ताकि यात्रियों को एयरपोर्ट न आना पड़े।

## ब्रीफ न्यूज़

### बंगाल-तमिलनाडु में एनडीए की प्रचंड जीत तय : अमित शाह

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए को बड़ी जीत मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश के हर कोने में लोगों ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को खारिज कर दिया है। शाह रविवार को यहां अहमदाबाद नगर निगम के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 1,500 करोड़ रुपये की लागत वाली तीन खेल परिसरों सहित विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया। उन्होंने एलान किया कि 2029 विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेलों और 2030 राष्ट्रमंडल खेलों के बाद, अहमदाबाद 2036 ओलंपिक की भी मेजबानी करेगा। गृह मंत्री ने कहा, आज इस मंच से मैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन से कहना चाहता हूं कि तैयार रहें।

### पुस्तक में 20 साल पुरानी गलती सुधारने पर दिल्ली के छात्र को मिला अंतरराष्ट्रीय श्रेय

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध अमेरिकी-ब्रिटिश लेखक बिल ब्रायसन ने अपनी विज्ञान पुस्तक 'ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ नियरली एवरीथिंग 2.0' के नए संस्करण में दिल्ली के एक छात्र को श्रेय दिया है। छात्र ने पुस्तक में मौजूद एक व्युत्पत्ति संबंधी गलती पकड़ी थी, जो करीब 20 वर्षों से अनदेखी थी। ब्रायसन ने पुस्तक के संशोधित संस्करण में एयर फोर्स बाल भारती स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र कनिष्क शर्मा का नाम शामिल किया है। ब्रायसन की 2003 की किताब में क्षुद्रग्रह शब्द का मूल लैटिन बताया गया था, जबकि वास्तव में यह ग्रीक भाषा से लिया गया है। कनिष्क ने पिछले वर्ष यह गलती नोटिस की और प्रकाशक को ई-मेल भेजा, जिसके बाद बात लेखक तक पहुंची।

# बेनिन में तख्तापलट की कोशिश राष्ट्रपति को हटाने का दावा

एजेंसी | कोटोनू

पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन में रविवार को सेना के कुछ अधिकारियों ने स्टेट टीवी पर आकर राष्ट्रपति पेट्रिस तलोन को पद से हटाने का ऐलान कर दिया। उन्होंने खुद को मिलिट्री कमिटी फॉर रिफाउंडेशन (CMR) बताया। ऐलान के तुरंत बाद टीवी और रेडियो प्रसारण रोक दिया गया। सैनिकों ने कहा कि उनकी कमेटी ने राष्ट्रपति सहित सभी सरकारी संस्थानों को भंग कर दिया है। इस कमेटी के नए मुखिया के तौर पर लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री का नाम सामने आ रहा है।



### सरकार का कहना-तख्तापलट नाकाम

राष्ट्रपति तलोन के ऑफिस ने कहा कि तलोन सुरक्षित हैं और टीवी पर कब्जा करने वाला ये सिर्फ एक छोटा समूह है। सरकार का दावा है कि स्थिति फिर से नियंत्रण में ली जा रही है। बेनिन के आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्री लासेन सेइदो ने बयान दिया कि तख्तापलट की कोशिश नाकाम कर दी गई है। फ्रांस के दूतावास ने बताया कि राजधानी कोटोनू में राष्ट्रपति आवास के पास कैंप ग्वेजो में गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं। फ्रांसीसी नागरिकों को घर में रहने की सलाह दी गई है।

### तलोन 10 साल से सत्ता में

67 वर्षीय पेट्रिस तलोन 2016 से बेनिन के राष्ट्रपति हैं। उन्हें पहले कॉटन किंग कहा जाता था। शासन में विकास कार्यों को लेकर उन्हें सराहा गया, लेकिन विपक्ष उन्हें सत्तावादी बताता है। संविधान के अनुसार उनका दूसरा कार्यकाल 2026 में खत्म होना था। वे अगले साल अप्रैल में होने वाले चुनाव के बाद पद छोड़ने वाले थे।

### क्षेत्र में तख्तापलट की लहर

पिछले कुछ समय में नाइजर, बुर्किना फासो, मेडागास्कर और गिनी-बिसाउ में सैन्य तख्तापलट हो चुके हैं। बेनिन में 1960 के बाद कई बार तख्तापलट हुआ, लेकिन 1991 के बाद देश स्थिर माना जाता रहा था।

# झारखंड के युवक संग चीन की युवती ने की शादी



साहिबगंज में हुई वैदिक रस्में

एजेंसी | साहिबगंज

चीन की रहने वाली एक युवती ने झारखंड के युवक से वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह किया, जिसके बाद साहिबगंज में इस अंतरराष्ट्रीय शादी की चर्चा बनी हुई है। कार्यक्रम विनायक होटल में आयोजित किया गया जहाँ परिवार और रिश्तेदारों की मौजूदगी में दोनों ने सात फेरे लिए। दोनों की मुलाकात चीन और लंदन में पढ़ाई के दौरान हुई थी, जिसके बाद रिश्ता दोस्ती से विवाह तक पहुँचा। युवती चीन से भारत पहुँची और परिवार की सहमति से वैवाहिक रस्में सम्पन्न हुईं। दूल्हे के पिता शंभू शंकर सिंह ने पारंपरिक वैदिक तरीके से विवाह आयोजन कराया। समारोह में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। विदेशी दुल्हन का भारतीय परंपरा के अनुसार शादी में शामिल होना लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शादी के दौरान ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की जा रही हैं और स्थानीय लोगों ने नवदंपति को शुभकामनाएँ दी हैं।

# यूपी में IND गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेंगे चुनाव : अखिलेश

### जनता चाहती है बदलाव

एजेंसी | लखनऊ

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने स्पष्ट कर दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में सपा अकेले नहीं, बल्कि इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा सरकार की नीतियों से नाराज है। अखिलेश यादव ने केंद्र और राज्य सरकार पर आर्थिक स्थिति को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, जबकि सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही। विमान सेवाओं में हाल में आई दिक्कतों पर भी उन्होंने केंद्र को घेरा और कहा कि सरकार कंपनियों पर कार्रवाई नहीं करती।



### बड़े पैमाने पर काटे जा रहे वोट

चुनाव आयोग और वोटर सूची पर सवाल उठाते हुए अखिलेश ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कफ सिरप घोटाले को लेकर कहा कि सरकार माफिया को संरक्षण दे रही है और भाजपा नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं होती। पश्चिम बंगाल की राजनीति और यूपी की कानून-व्यवस्था पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। अखिलेश ने कहा कि बड़े अपराधी सत्ता के संरक्षण में हैं और सरकार विपक्षी दलों को निशाना बनाने में व्यस्त है। उन्होंने स्वीकार किया कि पिछले कुछ दिन बेहद कठिन रहे और 5 दिसंबर का दिन भी कंपनी के लिए भारी रहा। उन्होंने कहा कि एयरलाइन DGCA और सरकार के साथ मिलकर हालात सामान्य करने की कोशिश कर रही है।

चायपान कार्यक्रम से विपक्ष गैरहाजिर

# सरकार हर हाल में करेगी किसानों की मदद : मुख्यमंत्री फडणवीस

एजेंसी | नागपुर

शीतकालीन सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आर्थिक चुनौतियों के बावजूद किसानों को मिलने वाली सहायता पर जोर देते हुए कहा कि राज्य में फंड की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस बार भी विपक्ष ने सत्तापक्ष की चायपान बैठक में हिस्सा नहीं लिया। फडणवीस ने विपक्ष पर समन्वय की कमी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को सौंपे जाने वाले पत्र पर भी संयुक्त हस्ताक्षर नहीं हो पाए। उन्होंने दावा किया कि एनसीपी (शरद पवार गुट) की ओर से कोई भी शामिल नहीं हुआ।

### विदर्भ के विकास को लेकर जवाब

पृथक विदर्भ की मांग पर विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कहा कि गढ़चिरोली सहित विदर्भ के कई हिस्सों में सिंचाई, सड़क और बुनियादी ढांचे पर बड़ा काम हुआ है। उन्होंने कहा आर्थिक स्थिति जरूर चुनौतीपूर्ण है, लेकिन राज्य कंगाल नहीं है। मुख्यमंत्री ने बताया 92 प्रतिशत किसानों को सहायता दी जा चुकी है, शेष 8 प्रतिशत मामले केवाईसी से जुड़े, अतिवृष्टि प्रभावित किसानों को 10,000 रुपये की सहायता, उन्होंने बताया कि सत्र में 18 विधेयक चर्चा के लिए लाए जाएंगे।



### आचार संहिता के कारण सत्र की अवधि कम

फडणवीस ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों की आचार संहिता के कारण सत्र की अवधि कम रखी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नेता विपक्ष की नियुक्ति विधानसभा अध्यक्ष और परिषद सभापति का विषय है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि भारत की 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि जनता के मुद्दे सदन में उठाए जाएं, सिर्फ प्रदर्शन न किए जाएं।

# AIMIM से गठबंधन पर विचार कर रहे निलंबित TMC विधायक हुमायूं कबीर

एजेंसी | कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने कहा है कि वे असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के साथ संभावित राजनीतिक गठबंधन पर बातचीत कर रहे हैं। कबीर का कहना है कि आगामी चुनाव से पहले यह गठबंधन विकल्प के तौर पर तैयार किया जा सकता है। कबीर हाल ही में बेलडांगा में एक मस्जिद निर्माण कार्यक्रम में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के दौरान मस्जिद की नींव रखी गई। बताया गया कि इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इस दौरान दो धार्मिक प्रतिनिधि सऊदी अरब से भी आए थे। कार्यक्रम को लेकर विवाद के बाद मामला कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचा। अदालत ने निर्माण कार्य में दखल देने से इंकार करते हुए राज्य प्रशासन को सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# महाराष्ट्र में महायुति का बड़ा निर्णय, दल–बदल पर रोक

डीबीडी संवाददाता | पुणे

महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से पहले महायुति गठबंधन ने अपने सहयोगी दलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे की पार्टी में शामिल न करने का फैसला लिया है। यह फैसला पुणे समेत पश्चिम महाराष्ट्र की राजनीति के लिए अहम माना जा रहा है।

### दिल्ली दौरे के बाद बढ़ा असर

सूत्रों के अनुसार, शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाल ही में दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से मुलाकात की थी और भाजपा द्वारा उनके नेताओं को तोड़ने की शिकायत की थी। इसके बाद समन्वय समिति ने यह फैसला लिया, जो महाराष्ट्र की स्थानीय राजनीति में बड़ा बदलाव माना जा रहा है।



### नगर परिषद चुनावों के अनुभव के बाद रुकावट

समन्वय समिति ने यह निर्णय हालिया नगर परिषद और नगर पंचायत चुनावों में सामने आई आपसी खींचतान के कारण लिया है। इन चुनावों में तीनों दलों के कार्यकर्ताओं के दल–बदल से विवाद और नाराजगी की स्थिति बन गई थी। अब बड़े चुनावों से पहले गठबंधन को एकजुट रखने के लिए यह रोक लगाई गई है।

### भाजपा की 'मिशन 125' रणनीति को झटका

पुणे महानगर पालिका में बहुमत पाने की तैयारी में जुटी भाजपा ने 125 सीटों का लक्ष्य रखा है। पिछले चुनाव में भाजपा के 97 नगरसेवक चुने गए थे। रणनीति के तहत भाजपा ने अन्य दलों से नेताओं को शामिल करने की तैयारी की थी, लेकिन गठबंधन के नए फैसले से यह योजना प्रभावित हुई है।

### राकांपा में संभावित टूट से राहत

इस फैसले से उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस को राहत मिली है। चर्चा थी कि पार्टी के कई पूर्व नगरसेवक भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। इस रोक के कारण राकांपा में संभावित विभाजन फिलहाल टल गया है।

# केबिन न मिलने से लाडली बहनों में नाराजगी

### सड़क पर आंदोलन की आशंका

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर शहर की आर्थिक स्थिति की मार लाडली बहनों को झेलनी पड़ रही है। शहर की कई महिला कर्मचारियों को उनके हक से वंचित रखा जा रहा है। मनपा द्वारा बनाई गई केबिनें धूल खा रही हैं, जबकि महिलाएं स्वरोजगार और कार्य के लिए उनका इंतजार कर रही हैं।

### शिवसेना उपशहर प्रमुख का बयान



दिलीप मिश्रा (उपशहर प्रमुख, शिवसेना, उद्धव बालासाहेब ठाकरे) ने बताया कि उल्हासनगर मनपा आर्थिक कंगाली की राह पर है। उन्होंने कहा उल्हासनगर का हर तबका मनपा के कार्यभार से परेशान है, लेकिन सबसे अधिक परेशान लाडली बहनें हैं। शहर का विकास ठप्प है और विकास के नाम पर भ्रष्टाचार शुरू है। महिला बचत गट के लिए लाई गई केबिन की गुणवत्ता घटिया है और कितने वर्षों तक यह चलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। मिश्रा ने आगे कहा कि उल्हासनगर में लूट और भ्रष्टाचार बढ़ रहे हैं। प्रशासन मूलभूत सुविधाओं में विफल साबित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि महिलाओं के हक की रक्षा नहीं हुई, तो सड़क पर आंदोलन की नौबत भी आ सकती है।

### महिला बचत गट की महिलाओं को नसीब नहीं हुई सुविधा

पिछले वर्ष, उल्हासनगर में महिला बचत गट की महिलाओं को हाउस टैक्स घर–घर पहुंचाने का काम दिया गया था। इसके अलावा, 50 महिला बचत गटों को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 50 केबिन लाए गए थे, जिनकी लागत लगभग ढाई करोड़ रुपये है। केबिन लाकर आज लगभग दो वर्ष हो चुके हैं, लेकिन महिलाओं को आज तक केबिन नहीं मिली। इसी तरह, सैकड़ों दिव्यांग महिलाएं भी स्वरोजगार के लिए केबिन का इंतजार कर रही हैं। अंगणवाड़ी और बालवाड़ी की महिला कर्मियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नवी मुंबई में विदेशी नागरिक घायल अवस्था में मिला

नवी मुंबई।नवी मुंबई में रविवार को एक आवासीय इमारत के पास एक विदेशी नागरिक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति सानपाडा के सेक्टर-1 में संदिग्ध रूप से घूमता मिला। उसके पास कोई दस्तावेज नहीं थे और उसकी राष्ट्रीयता अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि वह इमारत के गेट के ऊपर से कूदने की कोशिश करते समय गिर गया था। अधिकारी के अनुसार, उसे गंभीर चोटें आई थीं। पहले उसे वाशी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

### फ्लाईओवर से नीचे गिरी मोटरसाइकिल, एक व्यक्ति की मौत

पालघर। पालघर जिले के नायगांव फ्लाईओवर से रविवार को एक मोटरसाइकिल के गिर जाने से उसपर सवार 20 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान रोहित रमेश सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे उसके दोस्त विग्नेश कटकिरवा का इलाज हो रहा है। पुलिस ने कहा कि बताया जा रहा है कि सिंह ने मोटरसाइकिल से नियंत्रण खो दिया, जो फ्लाईओवर की रेलिंग से जा टकराई और पुल से नीचे गिर गई। स्थानीय निवासी और मोटर चालक तुरंत घटनास्थल पर पहुँचे और अधिकारियों को सूचित किया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटना के वास्तविक कारण की जांच शुरू कर दी है।

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

ठाणे। ठाणे की एक अदालत परिसर में एक महिला के साथ अगस्त 2024 में दुष्कर्म करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अपराध में शामिल उसका साथी फरार है। पुलिस ने विस्तृत जानकारी दिये बिना बताया कि शिकायतकर्ता ने तहरीर में कहा था कि यह घटना पिछले साल अगस्त में तब हुई, जब दोनों आरोपियों ने उसे कुछ रसायन मिला हुआ केक दिया। अधिकारी ने बताया कि पीड़िता ने शुरुआत में अपनी आपबीती नहीं बताई। उन्होंने बताया कि महिला ने शुक्रवार को तब पुलिस से संपर्क किया, जब दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर उसका यौन उत्पीड़न शुरू किया। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70 (सामूहिक बलात्कार) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मनपा को हाई कोर्ट ने मांगा हलफनामा, सड़कों की मरम्मत के दावे पर उठे सवाल

नागपुर। शहर में बिजली लाइनों के काम के दौरान खोदी गई सड़कों को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मनपा ने अदालत को बताया कि खोदी गई सड़कें अब दुरुस्त कर दी गई हैं, लेकिन कोर्ट ने इस दावे पर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि एमएसईडीसीएल द्वारा सड़कें खोदने के बाद उन्हें पहले जैसी स्थिति में नहीं छोड़ा गया। कोर्ट मित्र की ओर से अदालत को बताया गया कि पूर्व आदेशों का पालन अभी तक पूरी तरह नहीं हुआ है।

# पालघर में 100 बिस्तरों वाला ग्रामीण बहु-विशेषता अस्पताल शुरू करने की घोषणा

### जनकी फाउंडेशन और श्री चैतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट का सहयोग

डीबीडी संवाददाता | पालघर

बोस्टन स्थित परोपकारी दंपति श्री महेश नवानी और आशा नवानी के नेतृत्व में जनकी फाउंडेशन ने श्री चैतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट के सहयोग से पालघर ज़िले के वाडा में 100 बिस्तरों वाले ग्रामीण बहु-विशेषता अस्पताल की स्थापना की घोषणा की है। नए अस्पताल और परिसर का नाम "भक्तिवेदांत हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, आशा नवानी मल्टी स्पेशलिटी रूरल हॉस्पिटल" रखा जाएगा।




### गोवर्धन इको विलेज कैंपस का हिस्सा

यह अस्पताल जनकी फाउंडेशन द्वारा विकसित किए जा रहे 70 एकड़ के गोवर्धन इको विलेज (GEV–2) कैंपस का हिस्सा होगा। इस कैंपस में एकीकृत वेलनेस सेंटर, माइंडफुल लीडरशिप स्कूल, इंग्लिश माध्यम स्कूल, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स, असिस्टेड केयर लिविंग और हेलिपैड जैसी सुविधाएं होंगी। अस्पताल के साथ कौशल विकास, स्थानीय आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण, मोबाइल मेडिकल वैन सेवा और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की व्यवस्था भी होगी।

### संचालन और मॉडल

नए अस्पताल का संचालन मीरा रोड स्थित 300 बिस्तरों वाले NABH–मान्यता प्राप्त भक्तिवेदांत हॉस्पिटल के मॉडल पर होगा, जिसे श्री चैतन्य हेल्थ एंड केयर ट्रस्ट सफलतापूर्वक संचालित करता है। ट्रस्ट वर्तमान में बरसाना, वासई, वृंदावन, यूपी और वाडा समेत कई क्षेत्रों में स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन कर रहा है।

### शिलान्यास और संचालन की योजना

परियोजना का शिलान्यास समारोह 30 नवंबर 2025 को रखा गया है और संचालन अगले दो वर्षों में शुरू होने की उम्मीद है।

### ग्रामीण और आदिवासी स्वास्थ्य के लिए बड़ा कदम

यह अस्पताल वाडा, जव्हार, मोखाडा और विक्रमगढ़ ब्लॉक्स के लगभग 10 लाख ग्रामीण और आदिवासी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र बनेगा। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को ध्यान में रखते हुए महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। नवजात देखभाल से लेकर वृद्धावस्था चिकित्सा तक के विभिन्न विभाग स्थापित किए जाएंगे, ताकि हर आयु वर्ग के मरीजों को समग्र उपचार मिल सके।

### महेश नवानी का संदेश

महेश नवानी ने कहा कि मुंबई के निकट होने के बावजूद पालघर के आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य ढांचा अभी भी कमजोर है। यह साझेदारी ग्रामीण समुदायों के लिए बड़ा परिवर्तन लाएगी। राधानाथ स्वामी और गोवर्धन इको विलेज के निदेशक गौरांग दास ने इस पहल को समग्र, करुणामय और सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित बताया।

### राज्य सरकार की पहल को मजबूती

यह परियोजना राज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य विस्तार और डिजिटल स्वास्थ्य के प्रयासों को भी मजबूती प्रदान करेगी और वंचित समुदायों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में मदद करेगी।

# उत्तर भारतीयों के मुद्दों पर कांग्रेस का कार्यक्रम, भाजपा पर उपेक्षा का आरोप

**मुंबई।** मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की ओर से 'संवाद उत्तर भारतीयों से–चर्चा मुद्दों पर' कार्यक्रम के पहले सत्र में पार्टी नेताओं ने उत्तर भारतीय समुदाय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर उत्तर भारतीयों की समस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। कार्यक्रम में मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि चुनाव के समय विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर चर्चा बढ़ जाती है, जबकि असल समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में उत्तर भारतीयों से जुड़े तबेला व्यवसाय और आरे क्षेत्र से संबंधित मुद्दों पर अपेक्षित कदम नहीं उठाए गए। इसी तरह, पूर्व मंत्री असलम शेख़ ने कहा कि बीएमसी चुनाव के घोषणा पत्र में उत्तर भारतीय समाज की समस्याओं को शामिल किया जाएगा और नगर निकाय में कांग्रेस की भागीदारी बढ़ने पर इन मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी। उनका कहना था कि मुंबई के विकास में उत्तर भारतीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एडवोकेट अवनीश तीर्थराज सिंह ने दावा किया कि चुनावों के दौरान जाति और धर्म के मुद्दे प्रमुख हो जाते हैं, जबकि उत्तर भारतीयों से जुड़े रोजगार, तबेला व्यवसाय और मूलभूत सुविधाओं के विषय कम चर्चा में रहते हैं। पूर्व उप महापौर राजेश शर्मा ने आरे कॉलोनी में बसे तबेला व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए मालिकाना हक और बुनियादी सुविधाओं की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि दूध आपूर्ति से जुड़े परिवारों को आरे और दापचेरी क्षेत्रों में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कार्यक्रम में पहुंचे तबेला व्यवसाय से जुड़े लोगों ने भी पानी, बिजली, परिवहन, बीएमसी प्रक्रियाओं और पशु संबंधित अनुमति जैसे मुद्दों को उठाया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता और उत्तर भारतीय समाज से संबद्ध बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नवी मुंबई महानगरपालिका कप : महाराष्ट्र राज्य जूनियर वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे ने कहा कि खेल जीवन में व्यक्तित्व-विकास, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने की क्षमता विकसित करता है। इसलिए विद्यार्थियों और युवाओं को खेल से जुड़ा रहना चाहिए। वे 'नवी मुंबई महानगरपालिका चषक महाराष्ट्र राज्य जूनियर वॉलीबॉल अजिंक्यपद एवं चयन प्रतियोगिता 2025-26' के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता का आयोजन नवी मुंबई महानगरपालिका, महाराष्ट्र वॉलीबॉल एसोसिएशन, ठाणे जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन, नवी मुंबई एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन तथा कर्मवीर भाऊराव पाटिल कॉलेज, वाशी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

### कई वरिष्ठ अधिकारी और खेल विशेषज्ञ उपस्थित

इस अवसर पर आयुक्त डॉ. शिंदे के साथ उपायुक्त (क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्य) अभिलाषा म्हात्रे, क्रीड़ा अधिकारी रेवप्पा गुरव, महाराष्ट्र वॉलीबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन संजय नाईक और सचिव निलेश जगताप सहित विभिन्न जिलों के विभागीय सचिव और प्रशिक्षक मौजूद रहे।

### टीम के चयन के लिए अहम टूर्नामेंट

दिसंबर 2025 को वाशी स्थित कर्मवीर भाऊराव पाटिल महाविद्यालय मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में अमरावती, संभाजीनगर, नाशिक, पुणे, नागपुर, लातूर और कोल्हापुर के पुरुष और महिला वर्ग की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता के आधार पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन कर महाराष्ट्र राज्य की जूनियर पुरुष और महिला वॉलीबॉल टीम तैयार की जाएगी, जो राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

### बिना किसी असुविधा के आयोजन पर जोर

उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे ने कहा कि स्वयं खिलाड़ी होने के नाते वे सुनिश्चित करती हैं कि आयोजनों में खिलाड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि आयुक्त के मार्गदर्शन में महानगरपालिका खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है।

### खेल संस्कृति को बढ़ावा

महानगरपालिका द्वारा खेलों के प्रोत्साहन के लिए सतत पहल की जा रही है और मजबूत खेल अधोसंरचना विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन 7 दिसंबर 2025 को शाम 7 बजे किया जाएगा। आयोजकों ने राज्यभर से आए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने हेतु खेलप्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।




### उत्कृष्ट आयोजन की सराहना

महाराष्ट्र वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव निलेश जगताप ने कहा कि नवी मुंबई महानगरपालिका अपने योजनाबद्ध कार्यों के लिए प्रसिद्ध है और इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल आयोजन ने इसे साबित भी किया है।

### अधिकारियों का सम्मान

महारपालिका आयुक्त डॉ. कैलाश शिंदे समेत उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे, क्रीड़ा अधिकारी रेवप्पा गुरव एवं अन्य अधिकारियों का इस अवसर पर सम्मान किया गया।

### उद्घाटन मैच मुंबई बनाम अमरावती

एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा संचालन के बाद पुरुष वर्ग में उद्घाटन मैच मुंबई और अमरावती के बीच तथा महिला वर्ग का उद्घाटन मैच मुंबई और कोल्हापुर के बीच खेला गया।

# 7 हजार से अधिक नागरिकों की भागीदारी के साथ 'स्वच्छ नवी मुंबई हाफ मैराथन 2025' सफल

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

स्वच्छ और सुंदर शहर का संदेश देते हुए 7 हजार से अधिक नागरिकों ने पाम बीच रोड पर आयोजित 'स्वच्छ नवी मुंबई हाफ मैराथन 2025' में उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज की। सुबह 4.30 बजे शुरू हुई इस मैराथन के मुख्य 32 किलोमीटर वर्ग में नवी मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे ने स्वयं धावक के रूप में शामिल होकर सफलता पूर्वक दूरी पूरी की और स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया।

### अनेक अधिकारी और गणमान्य उपस्थित




इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त सुनील पवार, प्रशासन विभाग के उपायुक्त किसनराव पलांडे, चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत जवादे, घनकचरा प्रबंधन विभाग के उपायुक्त डॉ. अजय गडदे, परिमंडल 1 के उपायुक्त सोमनाथ पोटरे, परिमंडल 2 के उपायुक्त संजय शिंदे, मालमत्ता कर विभाग के उपायुक्त डॉ. अमोल पालवे, अतिरिक्त शहर अभियंता अरविंद शिंदे, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग की उपायुक्त अभिलाषा म्हात्रे–पाटिल समेत कई अधिकारी मौजूद थे। ूर्व सांसद संजीव नाईक ने भी उपस्थित रहकर शुभकामनाएँ दीं। लेट्स सेलिब्रेट फिटनेस संस्था की प्रमुख रिचा समित, तथा नवी मुंबई गुरुद्वारा सुप्रीम काउंसिल के पदाधिकारी और अन्य सहयोगी भी मौजूद रहे।

### अलग-अलग दूरी की श्रेणियों में हजारों प्रतिभागी

'लेट्स सेलिब्रेट फिटनेस' के सहयोग से और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित इस मैराथन में 5, 10, 21 और 32 किलोमीटर श्रेणियों में विभिन्न आयु–वर्ग के महिला–पुरुष धावकों ने हिस्सा लिया। युवाओं की संख्या विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। सुबह 4 .30 बजे शुरू हुई 32 किमी श्रेणी में भी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। नागरिकों के इस उत्साही सहयोग के लिए आयुक्त डॉ. शिंदे ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि दिव्यांग प्रतिभागियों की मौजूदगी प्रेरणादायक रही। आयुक्त ने कहा कि नवी मुंबई को स्वच्छ और पर्यावरणशील शहर के रूप में पहचान दिलाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने इस आयोजन में सहयोग करने वाले लेट्स सेलिब्रेट फिटनेस, नवी मुंबई गुरुद्वारा सुप्रीम काउंसिल, गुरुद्वारा श्री दशमेश दरबार सहित सभी संगठनों का धन्यवाद किया।

# MBVV यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

- 11 महीनों में 75 हजार चालान
- 7.20 करोड़ रुपये का जुर्माना

डीबीडी संवाददाता | मीरा-भाईंदर

MBVV पुलिस आयुक्तालय के काशीमीरा यातायात शाखा ने पिछले 11 महीनों में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान कुल 75,225 वाहन चालकों पर चालान किए गए और 7 करोड़ 20 लाख 70 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। यातायात विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सागर इंगोले ने बताया कि इनमें से 2 करोड़ 45 लाख 17 हजार रुपये की राशि वसूल की जा चुकी है।

### चालान मशीन से हुई कार्रवाई तेज और प्रभावी



वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक इंगोले के अनुसार, अत्याधुनिक चालान मशीनों के इस्तेमाल से कार्रवाई तेज, पारदर्शी और अधिक प्रभावी हो गई है। इससे वाहन चालकों में अनुशासन बढ़ा है और सरकारी राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इंगोले ने कहा सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि लापरवाह वाहन चालकों की वजह से हो रही है। नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए आगे भी नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### कौन से नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हुई?

हेलमेट न पहनना, लाल सिग्नल तोड़ना, विपरीत दिशा में वाहन चलाना, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग, नो–पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करना, सीट बेल्ट का उपयोग न करना।

### आगे का अभियान जारी

यातायात पुलिस का अभियान अब भी लगातार जारी है, और अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा सर्वोपरि है। नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं और दुर्घटना–जनित क्षति को रोका जा सके।

# हंगामेदार होगा नागपुर का शीतसत्र!

## विपक्ष ने सरकार की चाय पार्टी का बहिष्कार किया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले रविवार को विपक्षी दलों ने सरकार द्वारा आयोजित परंपरागत चाय पार्टी का बहिष्कार कर दिया। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता (एलओपी) की नियुक्ति अब तक नहीं की है। कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि चाय पार्टी का निमंत्रण व्यक्तिगत रूप से विधायकों को भेजा गया, जबकि सं विधान के अनुसार दोनों सदनों में विपक्ष के नेता का पद वैध और आवश्यक है। उन्होंने कहासरकार ने यह पद रिक्त रखकर दिखा दिया है कि उसे संविधान पर विश्वास नहीं है। इसलिए हमने चाय पार्टी का बहिष्कार किया। वडेट्टीवार ने बताया कि विधानसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने कुल 288 सीटों में से 10 प्रतिशत से कम ही सीटें जीती हैं। इसके चलते एलओपी पद के दावे के लिए शर्त पूरी नहीं हुई।



### सरकार विपक्ष से घबराई: वडेट्टीवार

वडेट्टीवार ने कहा कि 1980 में भाजपा के पास केवल 14 विधायक थे, फिर भी उसे विपक्ष के नेता का पद मिला। 1985 में 16 विधायकों के बावजूद भी भाजपा को यह पद दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार विपक्ष से घबराई हुई है और डर रही है कि विपक्ष उसकी पोल खोलेगा। शिवसेना (उबाठा) के नेता भास्कर जाधव ने भी कहा कि सरकार ने गलती की है और विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों से डर रही है।

### किसान और महिलाओं के मुद्दों पर विरोध

वडेट्टीवार ने किसानों की समस्याओं को भी बहिष्कार का कारण बताया। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रतिदिन 6-7 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के अनुसार, 2025 के पहले आठ महीनों में महाराष्ट्र में 1,183 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। साथ ही उन्होंने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को भी बहिष्कार का कारण बताया। वडेट्टीवार ने कहा कि सरकार का कर्ज माफी का वादा अब तक लागू नहीं हुआ।

### शीतकालीन सत्र 8 से 14 दिसंबर तक नागपुर में

महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 8 से 14 दिसंबर तक नागपुर में आयोजित किया जाएगा। शिवसेना (उबाठा) ने भास्कर जाधव को विधानसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए नामित किया है, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष ने अब तक इस पर निर्णय नहीं लिया। विधान परिषद में, शिवसेना (उबाठा) के पूर्व एमएलसी अंबादास दानवे का कार्यकाल अगस्त में समाप्त हो चुका है। कांग्रेस ने सतेज पाटिल को विधान परिषद में विपक्ष के नेता पद के लिए नामित किया है। विधान परिषद के अध्यक्ष राम शिंदे ने कहा कि प्रस्ताव उनके कार्यालय को प्राप्त हो चुका है और हितधारकों से बातचीत के बाद निर्णय लिया जाएगा।

# BMC चुनाव से पहले जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़े बदलाव

- पश्चिम और मध्य उपनगरों में वोटरों की संख्या बढ़ी
- साउथ मुंबई में वोटर ग्राफ गिरा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में आगामी BMC चुनाव से पहले जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची में बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। शहर के 227 वार्डों में कुल वोटरों की संख्या में 12.67% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन यह वृद्धि सभी इलाकों में समान नहीं रही। पश्चिम और मध्य उपनगरों में वोटरों की संख्या तेजी से बढ़ी, जबकि साउथ मुंबई के कई पुराने इलाकों में वोटरों की संख्या घट गई।

ड्राफ्ट मतदाता सूची में सबसे बड़ा उछाल पश्चिमी उपनगर मलाड-मालवणी और मध्य मुंबई के कुर्ला क्षेत्र में देखा गया। पी नॉर्थ बेल्ट के वार्ड 48, 33, 163 और 157 में वोटरों की संख्या 50% से ज्यादा बढ़ी। इन इलाकों में मुख्य रूप से वर्किंग क्लास और अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी रहती है। कुल मिलाकर, टॉप-5 वार्डों में से तीन वार्ड पी नॉर्थ ज़ोन के हैं। इस बदलाव पर राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।

### साउथ मुंबई में वोटर संख्या में गिरावट



दूसरी ओर, मुंबई की आइलैंड सिटी (साउथ मुंबई) के पुराने वार्डों में वोटरों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई। कुल 24 वार्डों में वोटर संख्या घट गई है, जिनमें से 10 उपनगरों में भी हैं। विशेषकर सी वार्ड के इलाके-जैसे कलबादेवी और चीरा बाजार-में कई लोग शहर के बाहर नए मकानों में शिफ्ट हुए हैं। इसके पीछे पुराने मकानों का रिडेवलपमेंट एक प्रमुख कारण है।

मतदाता सूची की सफाई: BMC और चुनावी मशीनरी ने करीब 11 लाख डुप्लिकेट वोटर एंट्री हटाई, जिससे कई वार्डों में आंकड़े कम दिखाई देने लगे। नए मतदाता जुड़ना: युवा और नए निवासियों के नाम मतदाता सूची में शामिल हुए। आंतरिक माइग्रेशन और नए हाउसिंग प्रोजेक्ट्स: शहर में नए प्रोजेक्ट्स और स्थानांतरण के कारण वोटर बेस बदल रहा है। इस बदलाव का सीधा असर आने वाले BMC चुनावों में वार्ड-स्तरीय मुकाबलों पर पड़ सकता है। ड्राफ्ट लिस्ट पर आपत्तियों और सुधार की प्रक्रिया के बाद फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।

# बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा-मदार के बीच सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

यात्रियों की सुविधा तथा यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करने एवं अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस - दुर्गापुरा - मदार स्टेशनों के बीच विशेष किराए पर एक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाएगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस ट्रेन का विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 09604/09603 बांद्रा टर्मिनस - दुर्गापुरा - मदार सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे), ट्रेन संख्या 09604 बांद्रा टर्मिनस - दुर्गापुरा सुपरफास्ट स्पेशल मंगलवार, 09 दिसम्बर 2025 को बांद्रा टर्मिनस से 19:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:10 बजे दुर्गापुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09603 मदार - बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल सोमवार, 08 दिसम्बर 2025 को मदार से 18:45 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16:30 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा और सवाई माधोपुर स्टेशनों पर ठहरेंगी। मदार स्टेशन से प्रस्थान करनेवाली ट्रेन संख्या 09603 का किशनगढ़, जयपुर और दुर्गापुरा स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। ट्रेन संख्या 09604 की बुकिंग 08.12.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी।

# मुंबई सेंट्रल और नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन



**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तथा यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से, पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई सेंट्रल और नई दिल्ली के बीच विशेष किराये पर एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है। ट्रेन संख्या 04003/04004 मुंबई सेंट्रल - नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल (02 फेरे), ट्रेन संख्या 04003 मुंबई सेंट्रल -नई दिल्ली स्पेशल सोमवार, 08 दिसम्बर, 2025 को मुंबई सेंट्रल से 23:30 बजे प्रस्थान करेगी तथा अगले दिन 20:50 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 04004 नई दिल्ली - मुंबई सेंट्रल स्पेशल रविवार, 07 दिसम्बर, 2025 को नई दिल्ली से 22:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21:00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा तथा मथुरा स्टेशनों पर ठहरेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर (इकोनॉमी) कोचेस होंगे। ट्रेन संख्या 04003 की बुकिंग सभी पीआरएस काउंटरों एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू है।


# इंडिगो फ्लाइट रद्द: आदित्य ठाकरे समेत कई विधायक हुए परेशान

### सड़क और रेल सेवा का सहारा लिया

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से नागपुर में शुरू हो रहा है। लेकिन इंडिगो एयरलाइंस की संचालन समस्याओं के चलते कई उड़ानें रद्द हो गईं, जिससे न केवल आम यात्रियों बल्कि कई विधायकों की यात्रा योजनाएँ भी प्रभावित हुईं। कैबिनेट मंत्री चंद्रकांत पाटिल, शिवसेना (यूबीटी) के आदित्य ठाकरे और सचिन अहिर सहित कई विधायकों को नागपुर पहुंचने के लिए 12 घंटे से अधिक लंबा सड़क सफर करना पड़ा, जबकि कुछ ने चार्टर्ड विमान या रेल सेवा का सहारा लिया।

### सड़क और ट्रेन मार्ग से पहुंचे विधायक



पुणे के कसबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमंत रासने ने निजी वाहन से नागपुर की लंबी यात्रा तय की।

कोकण क्षेत्र के यूबीटी विधायक भास्कर जाधव और मंत्री संजय राठोड, यूबीटी विधायक अनिल परब ने रेल सेवा को प्राथमिकता दी। यूबीटी विधायक सचिन अहिर ने कहा सत्तारूढ़ विधायकों के लिए प्राइवेट जेट हैं, जबकि आम लोग और विपक्षी विधायकों को परेशान होना पड़ रहा है। सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रही। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि यह समस्या इंडिगो द्वारा नियमों का पालन न करने के कारण उत्पन्न हुई।

### आदित्य ठाकरे और अन्य विधायकों की मुश्किलें

आदित्य ठाकरे की इंडिगो उड़ान रद्द हो गई, जिसके बाद उन्होंने एयर इंडिया की फ्लाइट से नागपुर का सफर किया। राज्य मंत्री माधुरी मिसाल को भी इसी विकल्प का सहारा लेना पड़ा। मंत्री चंद्रकांत पाटिल और विधायक सिद्धार्थ शिरोले ने चार्टर्ड विमान से नागपुर यात्रा का निर्णय लिया। भाजपा के कई अन्य विधायक भी चार्टर्ड विमानों पर निर्भर रहे।

# पीयूष गोयल का मालाड में जन संवाद कार्यक्रम



**मुंबई।** उत्तर मुंबई के सांसद और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को मालाड (पश्चिम) स्थित वालनाई कॉलोनी बीएमसी स्कूल में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने 50 से अधिक नागरिक शिकायतें सुनीं और कई मामलों में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। गोयल ने हाउसिंग सोसायटी की आंतरिक सड़कों, धूल-प्रदूषण और अन्य बुनियादी नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराने का आदेश दिया।

कार्यक्रम के बाद उन्होंने कांदिवली स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर शताब्दी अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों और अस्पताल कर्मचारियों से बातचीत की और स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की। गोयल ने कहा कि स्थानीय विकास और नागरिक सुविधाएँ हर नागरिक का अधिकार हैं और उनकी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता है।

# डॉक्टर भर्ती घोटाले की उच्च-स्तरीय जांच के आदेश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई के जोगेश्वरी (पूर्व) स्थित एचबीटी ट्रॉमा केयर सेंटर में हुए डॉक्टर भर्ती घोटाला तूल पकड़ने लगा है। मुंबई मनपा प्रशासन ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का फैसला किया है और संबंधित अधिकारियों को जरूरी आदेश दिए गए हैं।

शिवसेना (शंदे गुट) के सांसद रविंद्र वायकर ने डॉक्टर भर्ती घोटाले के आरोप लगाए थे। आरोप है कि अक्टूबर 2024 से मार्च 2025 के बीच लगभग 60 से 70 डॉक्टरों की नियुक्ति बिना अनिवार्य इंटरव्यू के ही कर दी गई। उन दिनों मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के निर्देश पर एक संविदा लिपिक ने ये नियुक्तियां प्रक्रिया में डाल दीं। कई नियुक्त डॉक्टरों ने कभी कार्यभार ग्रहण नहीं किया, फिर भी फर्जी उपस्थिति हस्ताक्षर के आधार पर वेतन निकाला गया। सरकारी राशि की हेराफेरी के लिए जाली दस्तावेजों का उपयोग किया गया। मामला उठने के बाद कार्यवाहक मेडिकल सुपरिंटेंडेंट ने औपचारिक जांच की मांग की थी। मुंबई मनपा ने जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसमें कूपर अस्पताल की संयुक्त मुख्य कार्मिक अधिकारी मृणालिनी सूर्य, कूपर अस्पताल की मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम रेडकर और एलटीएमजी अस्पताल के कार्यवाहक डिप्टी डीन डॉ. घनश्याम आहूजा शामिल हैं। यह समिति पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रशासन को सौंपेगी।

जोगेश्वरी ट्रॉमा केयर अस्पताल पश्चिमी उपनगरीय क्षेत्र में आपातकालीन और दुर्घटना मामलों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वास्थ्य से जुड़े एक एक्टिविस्ट का दावा है कि यह चिंताजनक प्रवृत्ति कुछ अन्य मनपा अस्पतालों में भी दिखाई दे रही है। जहां बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को दरकिनार कर मैन्युअल रजिस्टरों का उपयोग कर ऐसे फर्जी भुगतान हो रहे हैं।

# मुंबई महानगरपालिका चुनाव की तैयारी : यूथ कांग्रेस का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए मुंबई यूथ कांग्रेस की अध्यक्ष ज़ीनत शबरीन की पहल पर दादर स्थित तिलक भवन में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में चुनाव प्रबंधन, महानगरपालिका प्रशासन तथा सूचना के अधिकार (आरटीआई) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया।

शिविर में सूचना अधिकार कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मुंबई महानगरपालिका और आरटीआई से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना कैसे प्राप्त की जाए और जनहित में उसका प्रभावी उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि 'बूथ मज़बूत करें, बाकी सब अपने आप हो जाएगा।' कांग्रेस प्रदेश महासचिव एडवोकेट संदेश कोंडविलकर ने नामांकन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और कानूनी औपचारिकताओं पर प्रशिक्षण दिया। वहीं, पूर्व नगरसेवक आसिफ़ ज़केरिया ने मुंबई महानगरपालिका की संरचना, विभागीय कार्यप्रणाली और नागरिक सेवाओं से जुड़े पहलुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

भारतीय यूथ कांग्रेस के सोशल मीडिया चेयरमैन मनु जैन ने चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका, डिजिटल संवाद, ऑनलाइन नेटवर्किंग तथा मतदाताओं तक पहुँच बढ़ाने की रणनीतियों पर मार्गदर्शन दिया। शिविर में यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव सुरभि द्विवेदी, सचिव प्रभारी पवन मजेठिया, व सचिव हरगुन सिंह की भी उपस्थिति रही।

मुंबई यूथ कांग्रेस द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण शिविर नए कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ। प्रतिभागियों ने कहा कि चुनावी कार्य के दौरान अब उन्हें बेहतर दिशा, तकनीकी समझ और आत्मविश्वास प्राप्त होगा।



# आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' लागू करने की वकालत पर विरोध झेलना पड़ा: पूर्व CJI गवई

**मुंबई।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा कि अनुसूचित जाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू करने की बात कहने पर उन्हें अपने ही समुदाय के लोगों की आलोचना सुननी पड़ी। मुंबई विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में गवई ने कहा कि डॉ. आंबेडकर के नजरिये में सकारात्मक कार्रवाई का उद्देश्य वास्तविक सामाजिक और आर्थिक न्याय था, केवल औपचारिक समानता नहीं। उन्होंने कहा कि पिछड़ा व्यक्ति जैसा-जैसे आगे बढ़ता है, उसे साइकिल छोड़कर आगे भी बढ़ना चाहिए-आंबेडकर की भावना यही थी। गवई ने कहा कि क्रीमी लेयर के सिद्धांत के अनुसार, जो लोग आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम हो चुके हैं, उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने इंद्रा साहनी केस में इस सिद्धांत को स्पष्ट किया था। गवई ने बताया कि इस विचार पर बोलने के बाद उन पर आरोप लगाए गए कि उन्होंने आरक्षण का फायदा लेकर ऊँचे पद तक पहुंचने के बाद अब दूसरों को रोकने की बात कही है, जबकि हकीकत यह है कि न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में कोई आरक्षण होता ही नहीं। गवई ने कहा कि पिछले 75 साल में समाज में बड़े सकारात्मक बदलाव आए हैं। अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आज मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और राजदूत जैसे पदों पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र को सामाजिक सुधारों की भूमि बताते हुए ज्योतिराव और सावित्रीबाई फुले के योगदान का उल्लेख किया।


पश्चिम रेलवे मुंबई सेंट्रल और नई दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन चलाएगा

| ट्रेन सं. | शुरुआती स्टेशन और डेस्टिनेशन | सर्विस की तारीखें | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04003 | मुंबई सेंट्रल - नई दिल्ली (सुपरफास्ट) | 08.12.2025 | 23:30 बजे (सोमवार) | 20:50 बजे (अगले दिन) |

हॉल्टः बोरीवली, सूरत, वडोदरा, रतलाम, नागदा, कोटा और मथुरा स्टेशन।
कंपोजिशनः AC - 3 टियर (इकोनॉमी) कोच।

टाइमिंग, हॉल्ट और कंपोजिशन के बारे में डिटेल्ड जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नंबर 04003 की बुकिंग सभी PRS काउंटर और IRCTC वेबसाइट पर खुली है। ऊपर दी गई ट्रेन स्पेशल ट्रेन के तौर पर स्पेशल किराए पर चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: x.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: Instagram/WesternRly


कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ लाएँ

संपादकीय

# इंडिगो की मनमानी

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने बीते सप्ताह भारतीय यात्रियों को जिस स्तर पर परेशान किया, उसकी मिसाल हाल के वर्षों में ढूँढना कठिन है। यात्रियों की यह परेशानी इसलिए बढ़ी, क्योंकि इंडिगो ने सुरक्षित विमानन संचालन से जुड़े नियामक संस्था डीजीसीए के नए नियमों को लागू करने की कोई तैयारी ही नहीं की थी। यह विडंबना ही है कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाए गए और लागू करने के लिए अतिरिक्त समय दिए गए नियमों को मानने में इंडिगो ने लापरवाही बरती। इन नियमों का मूल उद्देश्य पायलटों को थकान से बचाना और उन्हें निर्धारित समय से अधिक ड्यूटी पर न लगाना था। एअर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा जैसे अन्य विमानन कंपनियों ने इस दिशा में उपयुक्त कदम उठाए, लेकिन इंडिगो ने इसे गैर-जरूरी समझा। ऐसे में यह स्पष्ट है कि इंडिगो नए नियम लागू करने के लिए तैयार नहीं थी-यह तब जबकि समयसीमा भी बढ़ाई गई थी। डीजीसीए को यह सुनिश्चित करना था कि सभी एयरलाइंस, विशेषकर इंडिगो जैसी विशाल हिस्सेदारी वाली कंपनी (60% से अधिक), नए नियमों के अनुपालन हेतु तैयार हैं या नहीं। दुर्भाग्य से नियामक संस्था अपनी भूमिका निभाने में असफल रही। दूसरी ओर, इंडिगो ने भी न तो स्थिति की जानकारी दी और न ही अतिरिक्त समय की मांग की। परिणामस्वरूप जब 1 दिसंबर से नियम लागू हुए, तो उड़ानें रद्द होने लगीं, देरी बढ़ने लगी और हजारों यात्री फँस गए। उड़ानों की बड़े पैमाने पर रद्दीकरण और देरी के कारण यात्रियों को समय और धन—दोनों की भारी क्षति हुई। हवाई किराए भी अचानक बढ़ गए और यात्रियों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। यह केवल खेद व्यक्त करके खत्म हो जाने वाला मामला नहीं है। जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और नुकसान की भरपाई भी। आवश्यक है कि कोई इस मामले को अदालत में ले जाए, ताकि कंपनियों को मनमानी का पाठ मिल सके। इंडिगो को दंडित किया जाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि उसने जानबूझकर ऐसी परिस्थितियाँ पैदा कीं जिन्होंने यात्रियों को परेशान किया और डीजीसीए को अपने महत्वपूर्ण नियम को वापस लेने के लिए मजबूर किया—जो सुरक्षित विमानन के लिए आवश्यक था। इससे डीजीसीए की क्षमता और साख दोनों पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। भारतीय विमानन बाजार इस समय विश्व का तीसरा सबसे बड़ा बाजार है, और यात्री मुख्यतः इंडिगो व एअर इंडिया पर निर्भर हैं। ऐसे में यह व्यवहार चिंताजनक है कि इंडिगो ने अपनी विशाल बाजार हिस्सेदारी का दबाव बनाकर नियामक संस्था को प्रभावित करने की कोशिश की। मुनाफा कमाना हर कंपनी का अधिकार है, लेकिन सुरक्षा नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं। ध्यान देने योग्य है कि इंडिगो चाहती तो पायलट और अन्य आवश्यक स्टाफ की भर्ती करके नए नियमों का पालन कर सकती थी। परंतु उसने संभवतः यह मान लिया कि डीजीसीए उस पर कठोर दबाव नहीं बना पाएगा। सरकार ने जांच के आदेश जरूर जारी किए हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है, क्योंकि नियमों पर अमल को दो माह के लिए टाल दिया गया—जो दुनिया के लिए गलत संदेश देता है कि भारत सुरक्षित विमानन को लेकर गंभीर नहीं है। इंडिगो की यह भी पुरानी छवि रही है कि वह यात्रियों की सुविधा का पर्याप्त ध्यान नहीं रखती। उसके स्टाफ के व्यवहार को लेकर अक्सर शिकायतें मिलती हैं। इसके बावजूद समय पर उड़ान संचालन के कारण यात्री उसे चुनते रहे। लेकिन अब वही बढ़ी हुई हिस्सेदारी एक खतरे में बदल गई है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं कि कोई कंपनी अपनी बाजार शक्ति का उपयोग करके नियामक संस्था को झुकने पर मजबूर कर दे। सरकार को इस पूरे प्रकरण से सबक लेना होगा। नए विमान खरीदने वाली एयरलाइंस को संचालन की अनुमति तभी मिले जब वे आवश्यक नियमों के पालन में सक्षम हों। सुरक्षा से समझौता किसी भी स्तर पर अस्वीकार्य है, और इंडिगो के इस रवैये ने इसे और स्पष्ट कर दिया है।

# जटिल दस्तावेजी प्रक्रिया से मुक्त हो एसआईआर



अलग-अलग तरह के 'कागजात' बनवाने की जटिल प्रक्रिया जारी है जिनमें एक एसआईआर यानी वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण भी है। नागरिक जटिलताओं में फंसे हैं और बार-बार साबित करने को मजबूर हैं कि हम कौन हैं। आधुनिक राज्य हमारे मूलभूत इंसानी गुणों को बायोमेट्रिक्स और दस्तावेज़ों तक सीमित कर देता है। ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग जिस ढंग से मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण करवा रहा है, उसमें जरूरी नहीं सब कुछ ठीक हो। असल में, जैसा कि पश्चिम बंगाल से आई खबरों से पता चलता है, इससे आम लोगों के साथ-साथ बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) में भी बहुत तनाव और चिंता पैदा हो रही है। काम के अत्यधिक दबाव की वजह से चार बीएलओ द्वारा आत्महत्या कर लेना सच में चिंता की बात है, लेकिन यह भी उतना ही ज़रूरी है कि आम नागरिक या शांति से रहने वाले लोग इस बात को लेकर बहुत परेशान हैं कि उन्हें किस तरह के दस्तावेज़ दिखाने होंगे ताकि उनका नाम संशोधित सूची से कटने न पाए। जैसा कि विरोधी पार्टियां आरोप लगा रही हैं, इस डर से अब तक 40 लोगों की मौत हो चुकी है। क्या ऐसा है कि विशेष सघन पुनरीक्षण कानून के ज़रिए सरकार हमसे यह साबित करने के लिए कह रही है कि हम भारतीय हैं, हमारे माता-पिता भारतीय हैं, और हम गैर-कानूनी अप्रवासी नहीं हैं? और खासकर पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों में, यह अभियान एक नया रूप धर चुका है। सोचिए यह मानसिक व्यग्रता कितनी संक्रामक है। हालांकि मैं दिल्ली में रहता हूं, फिर भी मैंने अपने सारे दस्तावेज़ सही क्रम से रखने शुरू कर दिए हैं : वो दस्तावेज जो यह साबित कर सकें कि मैं भारत में ही पैदा हुआ हूं, मेरे माता-पिता भारतीय थे, और मेरा नाम 2002 की वोटर लिस्ट में था। मेरे पिता एक सरकारी ऑफिसर थे। तीन दशक से ज़्यादा समय तक, मैंने एक सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पढ़ाया। मुझे आज भी वह दिन याद है जब मैं आधार कार्ड बनवाने के लिए तमाम प्रमाणत्रों से (जैसे कि अपने घर का पता, जन्म तिथि और पिता के नाम) संबंधित अधिकारियों को संतुष्ट करने के बाद अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए लंबी पंक्ति में खड़ा हुआ था। मेरा पैन कार्ड और आधार लिंक हैं। मैं नियमित रूप से आयकर भरता हूं। मेरे पास मेरा पासपोर्ट है। फिर भी, मैं गहरी चिंता से मुक्त नहीं हूं। कौन जानता है कि कल को सरकार मुझसे भी कह दे कि ये दस्तावेज़ काफी नहीं हैं? कल्पना कीजिये आधार की नियति के बारे में। यह हर जगह जरूरी है - बैंकों में, हवाई अड्डे में, स्कूलों में, अस्पतालों में और यहां तक कि श्मशान घाटों में भी। लेकिन अब हमें बताया गया कि आधार कार्ड नागरिकता का सुबूत नहीं है। और हमें यह भी बताया जाता है कि अगर आपके पास मतदाता फोटो पहचान पत्र तो है, लेकिन किसी अनजान वजह से आपका नाम 2002 की वोटर सूची में नहीं है, तब आप मुश्किल में पड़ जाएंगे। सच में, मैं परेशान हूं। अगर मेरे जैसा सर्व सुविधा संपन्न व्यक्ति इस चिंता और असुरक्षा की भावना से बच नहीं सका, तो सोचिए कि एक प्रवासी मज़दूर, कोई ट्रांसजेंडर व्यक्ति, झुग्गी में रहने वाला, या एक आम किसान किस विकट स्थिति से गुज़र रहा होगा। हालांकि, यह सिर्फ़ मेरी, या आपकी चिंता की बात नहीं है। असल में, यदि हम और गहराई में उतरना गवारा करें तो, हमें आधुनिक राष्ट्र की प्रवृत्ति को समझना होगा, जो आज़ादी और मानवाधिकारों की ललित कथाओं के बावजूद, अपने नागरिकों पर निगरानी रखने का सामान्यीकरण करते हुए, रोज़मर्रा की ज़िंदगी में निरंतर दस्तावेजों की मांग के ज़रिए पूर्ण नियंत्रण बनाना चाहती है। कोई हैरानी नहीं कि आम नागरिक होने के नाते, हम लगातार डर के कभी न खत्म होने वाले चक्र में फंसे रहते हैं। 'कागज' पूरे करने को हमें एक दफ्तर से दूसरे दफ्तर भागने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कल तक, यह आधार था; जो लगभग आपके शरीर के एक ज़रूरी अंग जैसा था; और इसके बिना, आप कुछ भी नहीं थे! इसके अलावा, तकनीक के विकास के साथ, आपका ईमेल एड्रेस या आपका मोबाइल फ़ोन नंबर आपकी पहचान बन चुका है। इसे आपके आधार, पैन और बैंक अकाउंट से लिंक होना चाहिए। कल्पना करें आपने अपना स्मार्ट फ़ोन खो दिया है और तब आपको तीव्र चिंता सताने लगती है। यह महज आपका फ़ोन खोना नहीं है; यह आपकी पहचान गुम होने जैसा है; वह अनुभव दुनिया से कट जाने की तरह है। इसके अलावा, ऐसा लगता है कि अब कुछ भी निजीपन या निजता नहीं रही। डेटा साइंस के इस ज़माने में आपका ईमेल एड्रेस या आपका मोबाइल फ़ोन नंबर हर जगह पहुंच चुका है। आपकी हर हरकत पर लगातार नज़र रखी जा रही है और उसे देखा जा रहा है। इसलिए, क्या यह हैरानी की बात नहीं कि आपको और मुझे हर दिन प्रॉपर्टी डीलरों से लेकर फ़ाइनेंशियल एक्सपर्ट्स और यहां तक कि प्रधानमंत्री के दफ़्तर से भी तरह-तरह के मैसेज मिलते रहते हैं? इस निगरानी मशीनरी का हिस्सा बनना कोई अच्छा अहसास नहीं है। यह डर, तनाव और चिंता को बढ़ाता है। यह आपके निजी दायरे में दखलअंदाजी है। असल में, यह काम आपकी इंसानी रूह को एक बायोमेट्रिक्स में परिवर्तित कर देने, या आपकी पहचान के प्रमाण को, चाहे वह आपका राशन कार्ड हो, आपका पासपोर्ट या फिर आपके घर का पता साबित करने वाला कोई यूटिलिटी बिल हो- हर उस चीज़ को बहुत नुकसान पहुंचाता है जो हमें इंसान बनाती है- खुद को भरोसे योग्य समझे जाने से बनता अहसास। यह एक सिविल सोसाइटी की भावना को ही खत्म कर देता है। कल्पना करें, मैं पश्चिम बंगाल में अपने गृहनगर में एक अल्पसंख्यक पड़ोसी को जानता हूं। मुझे पता है कि उसके माता-पिता/दादा-दादी यहीं पैदा हुए थे। लेकिन फिर, पता नहीं किन्हीं कारणों से, 2002 की वोटर लिस्ट में वह अपना नाम नहीं पाता। सरकार को उस पर शक होने लगता है; और जो लोग साम्प्रदायिक राजनीति के कीटाणु को ज़िंदा रखना चाहते हैं, वे आरोप लगाने लगेंगे कि वह बांग्लादेश से आया एक अवैध प्रवासी है। एक ऐसी सरकार के लिए जो सिविल सोसाइटी के फैसले से ज़्यादा तथाकथित वैध 'कागजों' पर विश्वास करती हो, वहां आपके और मेरे विचार शायद ही मायने


जीवन मंत्र

# संत और पापी का फर्क

जब तुम किसी चीज को सहन करते हो, तो इसका अर्थ है, तुमने उसे स्वीकार नहीं किया है। तुम कहते हो, 'क्या किया जा सकता है? उसे छोड़ा नहीं जा सकता, नष्ट नहीं किया जा सकता, तो मुझे उसे सहना ही पड़ेगा।'

इस धरती पर अपराधी, समाज विरोधी, विद्रोही और नकारात्मक व्यक्तित्व भी आधा है। निषेध और विरोध करने वाले ये नकारात्मक लोग वे हैं, जो कभी महान राजनेता, तो कभी क्रांतिकारी बन जाते हैं और संसार में निषेध और विरोध का जहर उगलते हैं। हिटलर हो या स्तालिन अथवा मुसोलिनी या माओ, ये नकारात्मक लोग हैं। ये संतों के ठीक उल्टे हैं, पर एक मामले में दोनों लगभग एक जैसे हैं। ये भी संतों की तरह आधे-अधूरे हैं। अंतर केवल एक है- संत ने अपने अचेतन में जो छिपाया है, उससे ही अपने चेतन का निर्माण किया है।

इस संसार में सामान्यतः दो तरह के लोग होते हैं- संत और पापी। मगर ये दोनों एक साथ चलते हैं। एक ऐसे संसार में, जहां कोई पापी न हो, तो वहां कोई संत भी न होगा। और उस संसार में जहां कोई संत न हो, वहां कोई पापी भी नहीं होगा। ये दोनों एक ही धंधे के दो साझेदार हैं। ये दोनों एक साथ रहते हैं, वे एक-दूसरे की सहायता करते हैं। बिना एक के दूसरा भी जीवित नहीं रह सकता। इस अस्तित्व में ही नहीं रह सकता। पापी संत को परिभाषित करता है और संत पापी की परिभाषा देता है। एक ऋषि या फकीर के पास भिन्न तरह की चेतना होती है। वह अखंड होती है। वह न तो विधायक होती है और न नकारात्मक, उसने दोनों के गुणों को अवशोषित कर लिया होता है। वह सर्व-स्वीकार होता है। जो कुछ भी परमात्मा ने दिया है, उसी को एक इकाई में रूपांतरित करना है। मनुष्य को चुनाव नहीं करना, बल्कि स्वीकार करना है। स्मरण रहे, स्वीकार भाव से मेरा तात्पर्य सहनशीलता से नहीं है। जब तुम किसी चीज को सहन करते हो, तो इसका अर्थ है, तुमने उसे स्वीकार नहीं किया है। तुम कहते हो, 'क्या किया जा सकता है? उसे छोड़ा नहीं जा सकता, नष्ट नहीं किया जा सकता, तो मुझे उसे सहना ही पड़ेगा।' मगर स्वीकार भाव एक प्रसन्नतापूर्ण स्वागत है, 'जो कुछ परमात्मा ने दिया है, जरूर उसका कुछ अर्थ होगा, यद्यपि हो सकता है कि ठीक अभी मैं उसे समझने में समर्थ न हो सकूं। मुझे उसे खोजना होगा।' इसमें यह समझ निहित है कि जो कुछ हमें दिया गया है, उसका अर्थ है, अन्यथा वह मुझे दिया ही नहीं गया होता। एक ऋषि या फकीर धार्मिक व्यक्ति होता है, क्योंकि वह अखंड होता है। वह अपनी काम-वासना से इनकार नहीं करता, अपने क्रोध से इनकार नहीं करता, वह किसी भी चीज से मना नहीं करता। वह प्रत्येक चीज को गहरी समझ, कृतज्ञता और स्वागत भाव से स्वीकार करता है। और उस पूरी समझ, उस स्वागतपूर्ण दृष्टिकोण से चीजें बदलनी शुरू हो जाती हैं। एक महान रासायनिक परिवर्तन होता है।



जीवन ऊर्जा


क्विंटस होराटियस फ्लैकस : जन्म 8 दिसंबर 65 ईसा पूर्व

जन्म

# जिज्ञासुओं से दूर रहो, क्योंकि वे गप्पे मारते हैं

क्विंटस होराटियस फ्लैकस, जिन्हें होरेस के रुप में जाना जाता है, ऑगस्टस के समय के दौरान प्रमुख रोमन गीत कवि थे। उनका जन्म 8 दिसंबर 65 ईसा पूर्व के हुआ था। वे अपके आकाश को बदलते हैं, अपके प्राण को नहीं, जो समुद्र के पार दौड़ते हैं। अपने मन पर शासन करो या यह तुम पर शासन करेगा। खुद पर विश्वास रखें। जो लालची है वह हमेशा अभाव में रहता है। प्यार में, दो बुराइयां होती हैं: युद्ध और शांति। क्रोध एक संक्षिप्त पागलपन है।

हम केवल आंकड़े हैं, संसाधनों का उपभोग करने के लिए पैदा हुए हैं। प्रतिकूलता उन प्रतिभाओं को बाहर निकालने का प्रभाव रखती है, जो समृद्ध परिस्थितियों में निष्क्रिय हो जातीं। बुरे समय में विपत्ति के लिए अच्छी तरह से तैयार दिल आशा करता है, और अच्छे समय में भाग्य में बदलाव से डरता है। मनुष्यों का एक भाग अपने दोषों पर गर्व करता है और अपने उद्देश्य का पीछा करता है; जो सही है उसे करने और जो गलत है उसका पालन करने के बीच कई और डगमगाते हैं। जो जूता बहुत बड़ा है, वह ठोकर खा सकता है, और जब बहुत छोटा हो, तो पैर चुभ सकता है; ऐसा ही उनके साथ होता है, जिनकी किस्मत उन्हें शोभा नहीं देती। प्रतिकूलता में प्रतिभाओं को बाहर निकालने का प्रभाव होता है, जो समृद्ध परिस्थितियों में सुप्त हो जाती। जिज्ञासुओं से दूर रहो, क्योंकि वे गप्पे मारते हैं, उनके कान सुनने के लिथे खुले रहते हैं, परन्तु जो कुछ उनको सौंपा जाता है उस पर वे न चलते। अपनी



काबिलियत के बराबर विषय चुनें, सोच-समझकर सोचें कि आपके कंधे क्या मना कर सकते हैं और वे क्या सहने में सक्षम हैं। कल की अधिकता से भरा हुआ, शरीर मन को अपने साथ नीचे खींचता है। क्षय को रोकने और ताक़त बहाल करने के लिए महान प्रयास की आवश्यकता है। किसी को उचित विचार-विमर्श करना चाहिए, कोई कदम उठाने से पहले सावधानी से योजना बनानी चाहिए, और पुनर्जागरण के बाद पुनरावर्तन से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए। मैं जब लिखता हूं तो बिल्कुल नहीं सोचता। कोई भी एक ही समय में दो काम नहीं कर सकता और दोनों को अच्छी तरह से कर सकता है। जिसने आरम्भ करना चाहा, उसने आधा किया; बुद्धिमान बनने का साहस करो, आरम्भ करो। पानी पीने वालों द्वारा लिखी गई कोई भी कविता अधिक समय तक प्रसन्न या जीवित नहीं रह सकती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# सकारात्मक संगति और सतत कर्म : सफलता का सच्चा मार्ग

जीवन में आनंद, सफलता और प्रसिद्धि उन्हीं लोगों को प्राप्त होती है जो विपरीत परिस्थितियों को बहाना नहीं बनाते। वे प्रभु की न्यायप्रियता पर संदेह नहीं करते और कठिन समय में भी भाग्य को दोष देने के बजाय निरंतर कर्म को प्राथमिकता देते हैं। अनेक बार





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रतिकूल घटनाओं से विचलित होकर हमारी बुद्धि प्रभु की योजनाओं पर प्रश्नचिन्ह लगा देती है, कुछ लोग तो अपना इष्ट भी बदल लेते हैं। जबकि सत्य यह है कि प्रभु अपने भक्तों को कभी गिरने नहीं देते—एक द्वार बंद होता है तो वे दूसरा, और भी उत्तम अवसरों वाला द्वार खोल देते हैं। यदि हमारा मन अतीत के बोझ या भविष्य की चिंताओं में उलझा रहेगा, तो वर्तमान के अवसर हमें कभी दिखाई नहीं देंगे। अवसर उन्हें ही दिखते हैं जिनका ध्यान आज के कार्य पर केंद्रित होता है। आज के समय में अवसरों की जो प्रचुरता है, वह अतीत में कभी नहीं थी, किंतु कमी केवल कर्मठ, निष्ठावान और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले लोगों की है, जो अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतर आगे बढ़ते रहें। हर सुबह सूर्य की नई किरणें जीवन को सुधारने का नया अवसर लाती हैं। मनुष्य जीवन स्वयं में एक महान वरदान है जिसके सुधार हेतु प्रभु ने हमें अद्भुत क्षमताएँ प्रदान की हैं। इसी प्रकार संगति का भी जीवन में अत्यंत महत्व है। बिना सत्संग के विवेक उत्पन्न नहीं होता—सत्संग ही जीवन में सच्चे परिवर्तन का आधार है। बुरी संगति हमारे विचार, व्यवहार और आदतों को अशुद्ध बना देती है। चाहे कितना भी भजन, ध्यान या अध्ययन किया जाए, यदि संग गलत है तो ज्ञान आचरण में नहीं उतरता। साधना के मार्ग में संगति की महत्ता अत्यंत गहरी है। व्यवहार की शुद्धि के लिए महापुरुषों, संतों और सदाचारी व्यक्तियों का संग आवश्यक है। यदि धनी बनना है तो धनवानों का संग करो, राजनीति में जाना है तो राजनीतिक चिंतन वालों का संग करो, लेकिन भक्त बनना है तो संतों, महापुरुषों और वैष्णवों के साथ रहना अनिवार्य है। दुर्जन की एक क्षण की संगति भी घातक सिद्ध हो सकती है, जबकि संत संगति मनुष्य की वृत्ति और प्रवृत्ति को सत्पथ पर ले आती है। यही कारण है कि संगति के प्रभाव से जंगलों में लूटपाट करने वाला व्याध वाल्मीकि, रामायण जैसा महाकाव्य रचने वाले महर्षि वाल्मीकि बन गया। इसी तरह भगवान बुद्ध की संगति ने कुख्यात डाकू अंगुलिमाल के हृदय में भी करुणा और धर्म का प्रकाश भर दिया। तः जीवन में सफलता, शांति और आध्यात्मिक प्रगति का मूल मंत्र यही है—सत्संग, सद्कर्म और वर्तमान में एकाग्र होकर अवसरों का सदुपयोग।

शख्सियत

# धर्मेन्द्र सिंह देओल

## भारतीय सिनेमा का अमर हस्ताक्षर



धर्मेंद्र सिंह देओल (8 दिसंबर 1935 – 24 नवंबर 2025) भारतीय सिनेमा के उन महानतम कलाकारों में से एक थे, जिन्होंने लगभग छह दशकों तक हिंदी फिल्मों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। पंजाब के लुधियाना ज़िले के छोटे से गाँव नसराली में जन्मे धर्मेंद्र ने बचपन से ही फिल्मों के प्रति गहरा लगाव रखा, और इसी जुनून ने उन्हें 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे के माध्यम से बॉलीवुड तक पहुँचाया। अपनी शुरुआती फ़िल्मों अनपढ़, बंदिनी और हक़ीक़त से ही उन्होंने यह साबित कर दिया कि वे न केवल आकर्षक व्यक्तित्व के धनी हैं बल्कि भावनात्मक, संजीदा और सशक्त अभिनय करने की भी अद्भुत क्षमता रखते हैं।

1960 और 70 के दशक तक पहुँचते-पहुँचते धर्मेंद्र भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार बन चुके थे। फूल और पत्थर से उन्हें अभूतपूर्व लोकप्रियता मिली और यही वह दौर था जब उन्हें दर्शकों ने "ही-मैन" की पहचान दी। रोमांटिक किरदारों में उनके निभाए हुए सरल, प्रेमपूर्ण और संकोची नायक से लेकर एक्शन फिल्मों में दमदार और उग्र हीरो के रूप में उनकी सक्रिय उपस्थिति ने उन्हें हिंदी फिल्मों का सबसे बहुमुखी अभिनेता बना दिया। 1975 में आई शोले ने तो उनकी लोकप्रियता को इतिहास में अमर कर दिया, जहाँ वीरू का उनका किरदार आज भी भारतीय दर्शकों की स्मृतियों में उतना ही जीवंत है जितना उस दौर में था। दूसरी ओर चुपके चुपके में दर्शाई गई उनकी हास्य-शक्ति ने यह दिखाया कि धर्मेंद्र किसी एक छवि में सीमित नहीं हैं, बल्कि हर शैली में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं। अपने लंबे करियर में उन्होंने लगभग 300 फिल्मों में काम किया और हिंदी सिनेमा को कई यादगार भूमिकाएँ दीं। उनकी फिल्मों की सूची में सत्यकाम, मेरा गाँव मेरा देश, धरम वीर, यादों की बारात, राजा जानी, ड्रीम गर्ल और अनेक सफल फ़िल्में शामिल हैं, जिनके बल पर वे भारतीय फिल्म इतिहास के सबसे सफल अभिनेताओं में गिने जाते हैं। अभिनय के साथ-साथ धर्मेंद्र निजी जीवन में सादगी, मिलनसार स्वभाव और विनम्रता के कारण भी व्यापक रूप से प्रिय रहे। फिल्म उद्योग में सहकर्मी उन्हें न केवल एक प्रतिभाशाली अभिनेता बल्कि एक दयालु और सहयोगी इंसान के रूप में याद करते हैं। कला के प्रति उनके योगदान की मान्यता में उन्हें 1997 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया और 2012 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण से अलंकृत किया। 2004 में उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा और राजस्थान के बीकानेर से भारतीय जनता पार्टी के सांसद के रूप में जनता की सेवा की। हालांकि 2010 के बाद से उनके स्वास्थ्य में गिरावट दिखाई देने लगी- हृदय, श्वसन और आंखों से संबंधित परेशानियाँ समय के साथ बढ़ती गईं। 24 नवंबर 2025 को 89 वर्ष की आयु में उन्होंने अंतिम सांस ली और उनके निधन के साथ हिंदी सिनेमा का एक स्वर्णिम अध्याय समाप्त हो गया। धर्मेंद्र हमेशा उस कलाकार के रूप में याद किए जाएंगे जिसने अपनी स्वाभाविकता, सरलता, शक्ति, संवेदनशीलता और अनोखे आकर्षण से करोड़ों दर्शकों का दिल जीता तथा भारतीय फिल्मों के इतिहास में स्वयं को एक अमर किंवदंती के रूप में स्थापित किया।

## अपने विचार

भारत रक्षा निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव का साक्षी बन रहा है। देश अब आयात-निर्भर राष्ट्र से उभरते हुए रक्षा उत्पादक और निर्यातक के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।




-राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

6 एक वक्त था कि यहां कोई नहीं आना चाहता था, क्योंकि यह प्रदेश आतंकी साए में था। समय बदला, सोच बदली और लोगों का नजरिया भी। आज हम संख्या बल में एक लक्ष्य पूरा कर चुके हैं। दूसरे लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं।



-प्रो. मनोज सिंह गौड़
संस्थापक निदेशक, आईआईटी जम्मू

यह मेरे जीवन का सबसे मुश्किल दौर है और मैं अपने विश्वासों पर अडिग रहकर इससे निपटूंगा। मेरी टीम अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।



-पलाश मुछाल
संगीतकार

तेजपुर विश्वविद्यालय में जारी छात्र आंदोलन पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी तरह के आंदोलन या उग्र विरोध के पक्षधर नहीं हैं, बल्कि संवाद और बातचीत के रास्ते पर भरोसा करते हैं।



-हिमंत बिस्वा सरमा
मुख्यमंत्री, असम

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### पालघर में कर्ज में डूबे व्यक्ति ने की खुदकुशी, पत्नी और भतीजा भी झुलसे

**पालघर।** पालघर जिले के विरार इलाके में रविवार देर रात एक व्यक्ति ने कर्ज और आर्थिक तंगी के चलते आत्महत्या कर ली। घटना में उसकी पत्नी और भतीजा भी झुलस गए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घटना फूलपाड़ा में रात 12.40 बजे हुई। मृतक की पहचान अखिलेश विश्वकर्मा (35) के रूप में हुई है, जो इलाके में वेल्डिंग की दुकान चलाते थे। विरार पुलिस स्टेशन के सीनियर इंस्पेक्टर एलएम तुरे ने बताया कि अखिलेश लंबे समय से कर्ज और पैसों की तंगी के कारण मानसिक दबाव में थे। उन्होंने घर में ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद पर आग लगा ली। आग बुझाने की कोशिश में उनकी पत्नी और भतीजा भी झुलस गए। जानकारी के अनुसार पत्नी मामूली रूप से झुलसीं, जबकि भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया है और उसका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने के बाद फायर डिपार्टमेंट के अधिकारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। इस मामले में एक्सीडेंटल मौत का मामला दर्ज किया गया है।

### नागपुर में शीतकालीन सत्र के लिए 8,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार से नागपुर में शुरू हो रहा है। इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और 8,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 5,000 पुलिसकर्मी नागपुर से और 3,000 अन्य जिलों से आए हैं। राज्य रिजर्व पुलिस बल (एसआरपीएफ) की 5 कंपनियां भी सुरक्षा में सहयोग करेंगी। डीसीपी (विशेष शाखा) शशिकांत सातव सुरक्षा व्यवस्था की देखरेख करेंगे, जबकि डीसीपी (मुख्यालय) दीपक अग्रवाल शहर के बाहर से आने वाले अधिकारियों के आवास और भोजन का प्रबंध संभालेंगे। डीसीपी यातायात लोहित मतानी शहर में यातायात व्यवस्था पर नजर रखेंगे। पुलिस आयुक्त रविन्द्र कुमार सिंघल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाई जाए। सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है, और बम निरोधक दस्ते, श्वान दस्ते तथा आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग किया जाएगा। सत्र के दौरान सुरक्षा, यातायात और अन्य व्यवस्थाओं पर लगातार नजर रखी जाएगी ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### नासिक में भीषण सड़क हादसा गणपति घाट से खाई में गिरी कार



**नासिक।** नासिक के प्रसिद्ध सप्तश्रृंगी गढ़ घाट रोड पर शनिवार दोपहर एक भयंकर हादसा हुआ। एक इनोवा कार लगभग 1200 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। कार में कुल 7 लोग सवार थे, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। सूत्रों के अनुसार, गाड़ी नंबर MH 15 BN 0555 दर्शन के लिए सप्तश्रृंगी गढ़ की ओर जा रही थी। रतनगढ़ क्षेत्र के पास (पिकनिक पॉइंट) वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गहरी घाटी में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही नंदूरी पुलिस, स्थानीय ग्रामीण, आपातकालीन सेवाएं और डिजास्टर मैनेजमेंट टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कठिन पर्वतीय इलाके के कारण बचाव कार्य में कई चुनौतियाँ आ रही हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान नासिक जिले के पिंपलगांव बसवंत के चिंचखेड़ गांव के निवासियों के रूप में हुई है। हादसे के कारण नासिक-पुणे हाईवे पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। संगमनेर के घरगांव क्षेत्र में 2 से 3 किलोमीटर लंबी वाहन कतारें बनी हैं। स्थानीय युवक और पुलिस यातायात नियंत्रित करने में मदद कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है और घायलों का इलाज नज़दीकी अस्पताल में चल रहा है।

# मज़दूर वर्ग की पहचान बचाओ लेबर कोड का कड़ा विरोध करें

**CITU महाराष्ट्र स्टेट कन्वेंशन की अपील**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

CITU की नेशनल प्रेसिडेंट कॉमरेड के. हेमलता ने एक पब्लिक मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार लेबर कोड मजदूर वर्ग को असुरक्षित और बेसहारा बना रहे हैं। उन्होंने मांग की कि इन कानूनों को वापस लेने के लिए देशभर के मजदूरों को संघर्ष और तेज़ करना होगा। CITU महाराष्ट्र का 17वां स्टेट कन्वेंशन 5, 6 और 7 दिसंबर को आदर्श विद्यालय, चेंबूर में आयोजित किया गया। इसमें 22 जिलों और 7 राज्य-स्तरीय यूनियनों के 357 प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें से 135 महिला प्रतिनिधि थीं, जो कुल संख्या का लगभग 35% है।




### मुख्य वक्ताओं के बयान

नेशनल जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड तपन सेन ने कहा कि 'तीन पहियों वाली सरकार (महाराष्ट्र सरकार) ने राज्य में बेरोज़गारी बढ़ा दी है।" उन्होंने संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों में मजदूरों के अधिकारों को लेकर चिंता जताई। सीनियर लीडर कॉमरेड आर. करुमालयम ने डेलीगेट्स को लेबर कोड, मिनिमम वेज और मजदूर सुरक्षा कानूनों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। सेशन में चारों लेबर कोड रद्द करने,पब्लिक सिक्योरिटी बिल वापस लेने,मजदूरों को न्यूनतम वेतन लागू करने जैसे अहम प्रस्ताव पारित किए गए। अगले तीन साल के लिए 141 सदस्यीय स्टेट कमेटी एग्जीक्यूटिव और 41 सदस्यों वाले ऑफिस बेयरर्स बोर्ड का चुनाव भी किया गया। सम्मेलन के दौरान नेशनल जनरल सेक्रेटरी कॉमरेड तपन सेन, नेशनल प्रेसिडेंट कॉमरेड के. हेमलता, नेशनल सेक्रेटरी आर. करुमालयम, तथा पूर्व विधायक कॉमरेड नरसैय्या आदम तीनों दिन मौजूद रहे। शुक्रवार को आयोजित पब्लिक मीटिंग में 1000 से अधिक लोग शामिल हुए। 'संगठन मज़बूत करो-संघर्ष तेज़ करो।' नारों के साथ समापन भाषण में मजदूरों में संगठन और जागरूकता बढ़ाने की अपील के साथ अधिवेशन समाप्त हुआ।

**नवनिर्वाचित पदाधिकारी**

इस सम्मेलन में डॉ. डी .एल. कराड को अध्यक्ष, एडमिरल एम.एच. शेख को महासचिव और कॉमरेड के.आर. रघु को कोषाध्यक्ष चुना गया।

# ठाणे संगीत उत्सव में नृत्य, गायन और सितार वादन, श्रोता मंत्रमुग्ध

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

संगीत भूषण पं. राम मराठे महोत्सव का दूसरा दिन कला-प्रेमियों के लिए यादगार रहा। सितार वादन, शास्त्रीय गायन और कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियों ने रविवार को दर्शकों को देर रात तक बाँधे रखा। ठाणे महानगरपालिका द्वारा आयोजित यह वार्षिक महोत्सव राम गणेश गडकरी रंगायतन में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर उमेश बिरारी, उप सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी प्राची डिंगणकर, पं. मुकुंद मराठे, पं. विवेक सोनार, नृत्यांगना मंजरी देव, मनाली देव, तथा पं. राम मराठे का परिवार समेत बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी उपस्थित रहे।

**लकी ड्रॉ**

हर दिन की तरह दूसरे दिन भी महोत्सव में लकी ड्रॉ का आयोजन हुआ। इस अवसर पर श्रद्धा हार्डिकर और अशोक सरवटे को ठाणे महानगरपालिका की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की पूरी शाम शास्त्रीय कला, संगीत और भारतीय घरानों की समृद्ध परंपरा को समर्पित रही, जिसने उपस्थित दर्शकों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।



### कथक प्रस्तुति से शुरुआत

दूसरे दिन की शुरुआत पद्मश्री पंडित राजेंद्र गंगानी की कथक प्रस्तुति से हुई। उन्होंने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद एक ताल और तीन ताल की रचनाओं ने जयपुर घराने की नृत्य परंपरा को प्रभावी रूप से दर्शाया। गुरु वंदना, लघुभजन तथा तलवारबाजी की उनकी शैली को दर्शकों ने खूब सराहा। गंगानी के साथ तबले पर फतेहसिंह गंगानी, गायन व हारमोनियम पर श्रीरंग टेम्बे, सारंगी पर संदीप मिश्रा और बांसुरी पर युवराज सोनार ने संगत की।

### आरती अंकलीकर की सुरमयी शाम

दूसरी प्रस्तुति प्रसिद्ध गायिका आरती अंकलीकर-टिकेकर की रही। राग पूर्व कल्याण, तीन ताल की बंदिश और एक ताल के तराने की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबले पर रोहित देव और हारमोनियम पर सिद्धेश बिचोलकर ने संगत की। इस दौरान उन्होंने पं. राम मराठे को याद करते हुए कहा कि "रामभाऊ की कल्पना अद्भुत थी, राग व लय पर उनकी पकड़ बेजोड़ थी। मैं आज भी कार्यक्रम से पहले उनकी रिकॉर्डिंग सुनती हूँ।" अंतिम प्रस्तुति प्रसिद्ध सितारवादक उस्ताद शाहिद परवेज़ की रही। इटावा-इमदादखानी घराने की सातवीं पीढ़ी के प्रतिनिधि उस्ताद परवेज़ ने राग यमन की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# इंटर कॉलेज अंताक्षरी प्रतियोगिता में रईस जूनियर कॉलेज प्रथम

**भिवंडी।** मुंबई की प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था 'उर्दू कारवां' द्वारा उर्दू साहित्य के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित 'उर्दू दशक' कार्यक्रम के अंतर्गत दस दिनों तक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में आयोजित अंतर कनिष्ठ महाविद्यालयीन अंताक्षरी प्रतियोगिता में भिवंडी के प्रख्यात रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। भिवंडी स्थित कॉलेज की ओर से अंसारी अजवा, अंसारी गुल फेशां (बारहवीं साइंस) और अंसारी अरबिया (बारहवीं कॉमर्स) की तीन सदस्यीय टीम ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मुंबई और आसपास के कॉलेजों के बीच हुए कड़े मुकाबले में निर्णायकों ने एकमत निर्णय से रईस जूनियर कॉलेज को विजेता घोषित किया।

### मुंबई में आयोजित हुआ पुरस्कार समारोह



पुरस्कार वितरण समारोह 5 दिसंबर (शुक्रवार) को मौलाना मुहम्मद अली जौहर हॉल, खिलाफत हाउस, भायखला, मुंबई में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भिवंडी पूर्व के विधायक रईस कासम शेख सहित अन्य सम्मानित अतिथियों ने विजेता टीम को ट्रॉफी, प्रशस्तिपत्र और पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया।

# डिप्टी CM एकनाथ शिंदे ने की 100 इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर देने की घोषणा | मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों के लिए मदद

**तुरंत 100 और व्हीलचेयर देने की घोषणा**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

मस्कुलर डिस्ट्रॉफी भले ही एक रेयर बीमारी हो, लेकिन इन बच्चों की इच्छाशक्ति बेहद मजबूत है। हम सभी को उनकी इसी हिम्मत के कारण उनके साथ खड़ा होना चाहिए-यह बात महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कही। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार इस बीमारी के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराने को लेकर केंद्र सरकार से लगातार फॉलो-अप करेगी। शिंदे स्वर्गीय गंगूबाई शिंदे ऑडिटोरियम में आयोजित "इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर और वाटमेड BiPAP मशीन वितरण कार्यक्रम" को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर शिवसेना मेडिकल एड सेल प्रमुख मंगेश चिवटे, डॉ. मंगेश पेडमकर और हरिश्चंद्र सावंत उपस्थित थे। यह कार्यक्रम शिवसेना मेडिकल एड सेल और श्रीकांत शिंदे फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों और अन्य ज़रूरतमंद मरीजों को इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर, BiPAP मशीन सहित आवश्यक चिकित्सा उपकरण वितरित किए गए।



प्रोग्राम के दौरान उपमुख्यमंत्री शिंदे ने तत्काल 100 और इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर देने की घोषणा की। साथ ही ज़रूरतमंद मरीजों के लिए ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और पोर्टेबल वेंटिलेशन उपकरण उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया।

### CSR फंड और सरकारी मदद से उपचार कम होगा महंगा

शिंदे ने कहा कि मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित बच्चों में फिजियोथेरेपी अत्यंत आवश्यक है। इसके खर्च को कम करने के लिए CSR फंड, पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट और पब्लिक पार्टिसिपेशन के जरिए सहयोग जुटाया जाएगा।

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट में विशेष सुविधाएं

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ST बस, मेट्रो, मोनो जैसे पब्लिक ट्रांसपोर्ट में इन बच्चों के लिए विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने पर काम कर रही है, ताकि उनका सफर सुगम और सुरक्षित हो सके।

# महाराष्ट्र के कई हिस्सों में शीतलहर और ठंड बढ़ने की चेतावनी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में शीतलहर और ठंड बढ़ने की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने विदर्भ के नागपुर, गोंदिया और यवतमाल जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया है। राज्य के अन्य हिस्सों में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है, लेकिन विदर्भ में न्यूनतम तापमान में गिरावट विशेष रूप से देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार, नागपुर और गोंदिया में तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। विदर्भ में शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है, जबकि राज्य के अन्य हिस्सों में न्यूनतम तापमान 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।



### मुंबई और उपनगर में मौसम शुष्क और साफ

मौसम विभाग ने बताया कि रविवार को मुंबई और उपनगर के कुछ इलाकों में हल्के कोहरे के साथ आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। मौसम शुष्क रहेगा और तापमान स्थिर रहेगा। रविवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आगामी 24 घंटों में मुंबई और आसपास के इलाकों में सुबह के समय धुंध और दोपहर व शाम को हल्के बादल छाए रह सकते हैं। तापमान अधिकतम 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा।

### पश्चिम महाराष्ट्र में तापमान में उतार-चढ़ाव

पुणे और पश्चिमी महाराष्ट्र में भी तापमान में बदलाव देखा जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पुणे में आसमान साफ और मौसम शुष्क रहेगा। इस क्षेत्र में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। रात और सुबह के समय ठंडी हवाओं के चलने का अनुमान है।

### मराठवाड़ा और उत्तर महाराष्ट्र में ठंड

मराठवाड़ा क्षेत्र में मौसम लगातार ठंडा रहने का अनुमान है। छत्रपति संभाजीनगर में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मराठवाड़ा के अन्य शहरों में भी रातें अधिक ठंडी रहेंगी। उत्तर महाराष्ट्र इस मौसम में सबसे ज्यादा ठंड का सामना कर रहा है। नासिक में अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। इस क्षेत्र के अन्य शहरों में भी न्यूनतम तापमान 12 डिग्री के आसपास रह सकता है। विदर्भ में ठंड बढ़ने के कारण नागपुर और गोंदिया में तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। मौसम विभाग ने 7 दिसंबर को कोल्ड वेव के मद्देनज़र इन जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस इलाके में अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम 9-12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# बी.एन.एन. महाविद्यालय में फिल्म मेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स का उद्घाटन

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

विद्यार्थियों को अपने करियर की सुंदर तस्वीर स्वयं बनानी चाहिए और बड़े सपने देखकर उन्हें साकार करने के लिए निरंतर परिश्रम करना चाहिए। यह प्रेरणादायी विचार प्रसिद्ध अभिनेता डॉ. दिलीप वाघ ने व्यक्त किए। वे बी.एन.एन. महाविद्यालय में मास मीडिया विभाग की ओर से आयोजित फिल्म मेकिंग सर्टिफिकेट कोर्स के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर कोर्स का उद्घाटन डॉ. वाघ के कर-कमलों से किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि अभिनेता डॉ. हरी कोकरे ने फिल्मों के सामाजिक महत्व, समाज पर उनके प्रभाव और फिल्म इंडस्ट्री में उपलब्ध करियर अवसरों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया।



संस्था के महासचिव एडवोकेट रोहित जाधव ने कहा कि पद्मश्री अण्णासाहेब जाधव ने शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों के लिए इस संस्था की स्थापना की थी। संस्था आज भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और छात्रों को विभिन्न मंच प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कारवाहक प्राचार्य डॉ. शशिकांत म्हालुंकर ने महाविद्यालय की सुविधाओं और करियर अवसरों की जानकारी देते हुए छात्रों से इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ेंगे। व्यावसायिक समस्या का हल निकलेगा। नई योजना में लाभ की संभावना है। घर में मांगलिक आयोजन हो सकते हैं। जीवनसाथी से संबंध घनिष्ठ होंगे। रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**वृष** शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। मान बढ़ेगा। स्वजनों से मेल-मिलाप होगा। नौकरी में ऐच्छिक पदोन्नति की संभावना है। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी की आलोचना न करें। खानपान का ध्यान रखें। आर्थिक संपन्नता बढ़ेगी।

**मिथुन** गीत-संगीत में रुचि बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। पुराना रोग उभर सकता है। शोक समाचार मिल सकता है। भागदौड़ रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। अधूरे कामों में गति आएगी। व्यावसायिक गोपनीयता भंग न करें।

**कर्क** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धनलाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में उन्नति के योग हैं। वाणी पर संयम आवश्यक है। जीवनसाथी से मदद मिलेगी। सामाजिक यश-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** परिवार के सहयोग से दिन उत्साहपूर्ण व्यतीत होगा। योजनानुसार कार्य करने से लाभ की संभावना है। आर्थिक सुदृढ़ता रहेगी। धनार्जन होगा। संतान के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। बेचैनी दूर होगी। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी।

**कन्या** नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। कार्य में व्यय की अधिकता रहेगी। दांपत्य जीवन में भावनात्मक समस्याएँ रह सकती हैं। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें। राजमान प्राप्त होगा।

**तुला** व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पारिवारिक उन्नति होगी। सुखद यात्रा के योग बनेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वविवेक से कार्य करना लाभप्रद रहेगा।

**वृश्चिक** लाभ के अवसर मिलेंगे। प्रसन्नता रहेगी। कुछ मानसिक अंतर्द्वंद्व पैदा होंगे। पारिवारिक उलझनों के कारण मानसिक कष्ट रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धैर्य एवं संयम रखकर काम करना होगा। यात्रा आज न करें।

**धनु** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बेरोजगारी दूर होगी। लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में कमी आएगी। कामकाज में बाधाएं आ सकती हैं। कर्मचारियों पर व्यर्थ संदेह न करें। आर्थिक लाभ मिलने से एक्स्ट्रा खर्च उठा पाएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे।

**मकर** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। राजकीय कार्य में परिवर्तन के योग बनेंगे। आलस्य का परित्याग करें। आपके कामों की लोग प्रशंसा करेंगे। व्यापार लाभप्रद रहेगा। नई कार्ययोजना के योग प्रबल हैं। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

**कुंभ** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कानूनी मामले सुधरेंगे। धन का प्रबंध करने में कठिनाई आ सकती है। आहार की अनियमितता से बचें। व्यापार, नौकरी में उन्नति होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रखें।

**मीन** व्यापार-व्यवसाय सामान्य रहेगा। दूरदर्शिता एवं बुद्धि चातुर्य से कठिनाइयां दूर होंगी। राज्य तथा व्यवसाय में सफलता मिलने के योग हैं। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। पुराना रोग उभर सकता है। चोट व दुर्घटना से बचें। वस्तुएं संभालकर रखें। बाकी सामान्य रहेगा।

# सीढ़ियों के नीचे ऊर्जा क्यों उलझ जाती है - एक विस्तृत और लंबी कथा जिसमें वास्तु, अनुभव और अदृश्य शक्तियों का गहरा विज्ञान समाया है




प्रियंका जैन
9769994439

भारतीय घरों की बनावट केवल ईंट-पत्थर का संयोजन नहीं होती, वह ऊर्जा, दिशा, प्रवाह और ब्रह्मांडीय संतुलन का एक जीवंत रूप होती है। ऐसा माना जाता है कि घर का हर कोना अपनी अलग शक्ति रखता है, और उन शक्तियों के अनुरूप यदि निर्माण न किया जाए, तो वही स्थान जीवन में तनाव, रोग, आर्थिक कमी और मानसिक बोझ का कारण बन जाता है। घर में सीढ़ियों का स्थान और उसके नीचे क्या बनाया जाए — यह विषय सदियों से वास्तु शास्त्र का एक बारीक और विशेष अध्याय रहा है। इस विषय को समझने के लिए एक पुरानी कथा का स्मरण होता है, जो वास्तुकर्मियों और गृहस्थों के बीच पीढ़ियों से सुनाई जाती है। यह कथा केवल किस्सा नहीं, बल्कि उस सूक्ष्म सत्य का आईना है जो सीढ़ियों के नीचे नकारात्मक ऊर्जा के कारणों को उजागर करता है। बहुत समय पहले उत्तर भारत के एक नगर में एक धनी व्यापारी रहता था। उसका घर बड़ा था, और उसने नई हवेली बनवाने के लिए दूर-दूर से कारीगर और वास्तु विशेषज्ञ बुलाए। घर की सीढ़ियाँ सुंदर थीं—घुमावदार, मजबूत और कलाकृतियों से सजी हुईं। परंतु व्यापारी ने अपने मन से निर्णय लिया कि सीढ़ियों के नीचे की जगह व्यर्थ क्यों छोड़ी जाए? उसने वहाँ एक छोटा कमरा बनवा दिया, जिसमें उसका सेवक सोने लगा। शुरुआत के कुछ महीनों तक सब ठीक चलता रहा, लेकिन धीरे-धीरे सेवक बीमारियों से घिरने लगा। उसके शरीर में हमेशा भारीपन, सिर में दर्द, और नींद में बेचैनी रहने लगी। रातों में उसे ऐसा लगता कि मानो कोई अदृश्य दबाव उसके ऊपर मंडरा रहा हो। व्यापारी ने इसे संयोग समझा, पर जल्द ही उसके घर में दूसरी समस्याएँ बढ़ने लगीं—ग़लत फैसले, व्यापार में नुकसान, और परिवार में अनबन। घबराकर वह एक वृद्ध वास्तु विद्वान के पास गया। विद्वान ने घर का निरीक्षण किया और बोला— "तुमने सीढ़ियों के नीचे बिस्तर क्यों रखा? क्या तुम जानते नहीं कि यह स्थान उर्ध्व गति का प्रतीक होता है? यहां ऊर्जा ऊपर उठने के लिए प्रवाहित होती है। और जहां ऊर्जा ऊपर जाती हो, वहां किसी मनुष्य का सोना, भोजन पकना या पूजा होना भारी बाधा बन जाती है। ऐसे स्थान पर जो भी रहता है, उसका मन हमेशा तनाव में डूब जाता है।"

व्यापारी ने पूछा—"क्या यही कारण है कि मेरा सेवक बीमार पड़ गया?" विद्वान बोले— "हाँ। क्योंकि सीढ़ियों के नीचे ऊर्जा स्थिर नहीं रहती। वहां छाया, दबाव, अवरोध और गहराई के मिश्रण से एक ऐसी शक्ति जन्म लेती है जो नींद, मानसिक संतुलन और शरीर की जीवन-ऊर्जा को कमजोर करने लगती है। ऐसे स्थान पर सोने वाला इंसान धीरे-धीरे थकावट, चिड़चिड़ापन, अवसाद और शारीरिक पीड़ा से भर जाता है।" विद्वान आगे बोले— "और यह केवल बिस्तर का ही दोष नहीं है। यदि तुमने सीढ़ियों के नीचे शौचालय बनवाया होता, तो घर में बीमारी और पैसों की कमी स्थायी हो जाती। यह स्थान हवा के रुकने और दूषित ऊर्जा के फैलने का केंद्र बन जाता। और यदि तुमने वहाँ रसोई बनाई होती, तो भोजन का पोषण नष्ट हो जाता, घर के लोग रोगी होते और धन का प्रवाह रुक जाता। क्योंकि आग का तत्व वहाँ दबाव और अंधकार में संतुलित नहीं रह पाता।"

न्यूज़ ब्रीफ

## पुलिस मुठभेड़ में चार लुटेरे गिरफ्तार, लूट का माल बरामद

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अपरना रजत कौशिक के निर्देशन और एएसपी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान को बड़ी सफलता मिली है। मोहनगंज थाना क्षेत्र में 2 दिसंबर को सोनार से हुई लूट का पुलिस ने शनिवार की रात मुठभेड़ के बाद खुलासा कर दिया। तिलोई क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए लूट में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी चिनगाही मोड़ स्थित इंटरलॉकिंग पुल के पास माल का बंटवारा कर रहे थे और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आकाश विश्वकर्मा घायल हो गया, जबकि उसके साथी अंकित विश्वकर्मा और शिवेन्द्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**औरैया।** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नीचे शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक संजय कुमार की उपचार के दौरान मौत हो गई। दिल्ली में नौकरी करने वाला संजय कुछ दिनों के लिए अपने गांव मलालपुर निगड़ा आया हुआ था। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलालपुर निगड़ा निवासी संजय कुमार, जो दिल्ली में पेट्रोल पंप पर कार्य करता था, शनिवार की देर शाम मोटरसाइकिल से औरैया से अपने गांव लौट रहा था। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के नीचे पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में संजय गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने संजय को औरैया जिला अस्पताल पहुँचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। परिजन एंबुलेंस से उसे ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में उसकी हालत बिगड़ गई।

## लागत भी नहीं निकाल पा रहे आलू उत्पादक

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक जिले फर्रुखाबाद में आलू निर्यात में रुकावटों के कारण किसान अपनी मेहनत का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं। आलू के दाम लगातार गिर रहे हैं, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गई हैं। आलू आढ़ती संघ के अध्यक्ष रिंकू वर्मा ने बताया कि एशिया की प्रसिद्ध आलू मंडी सतनपुर में आज आलू की आमदनी लगभग 12,000 पैकेट रही, लेकिन भाव गिरकर केवल 271 प्रति पैकेट (50 किलो) पर बिके। लिवाली कम होने की वजह से आलू बेचने में काफी समय लगा, और मंडी में आए किसान मायूस नजर आए। प्रगतिशील किसान नारद सिंह कश्यप ने कहा कि एक पैकेट आलू उगाने की लागत लगभग 500 है, जिसमें बीज, खाद और बुवाई शामिल है। वर्तमान भाव केवल 270 प्रति पैकेट होने से किसान 230 रुपए प्रति पैकेट घाटे में हैं।


# सड़क हादसे में मां-बेटे समेत तीन की मौत

### परिवहन निगम की बस और कार में हुई टक्कर

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में रविवार सुबह एक भयानक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मां-बेटे सहित तीन लोग मारे गए। हादसा तब हुआ जब उत्तराखण्ड परिवहन विभाग की बस और एक कार की सीधी टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दो अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए लखनऊ के केजीएमयू अस्पताल भेजा गया। सूचना पर पहुंची वजीरगंज थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राधेश्याम राय ने बताया कि यह हादसा वजीरगंज थाना क्षेत्र के अनभुला गांव के पास गोंडा-अयोध्या हाईवे पर हुआ। दुर्घटना में मृतक तीनों की पहचान अक्षत अग्रवाल (35), उनकी मां नीता अग्रवाल (55) और मौसेरे भाई आशु अग्रवाल (34) के रूप में हुई है। सभी मृतक मूल रूप से कानपुर के रहने वाले थे।

### शादी में शामिल होने गए थे कार सवार




शुरुआती जांच में पता चला कि गोंडा के रहने वाले नितिन गुप्ता की 4 दिसंबर को शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए अक्षत अग्रवाल अपनी पत्नी नेहा गुप्ता, मां नीता, मौसेरे भाई आशु और बेटी अनाया के साथ आए थे। अक्षत बेंगलुरु में केनरा बैंक में क्लर्क थे और परिवार के साथ वहीं रहते थे।

शादी समारोह के बाद रविवार को बेंगलुरु लौटने के लिए परिवार कार से निकल पड़ा। रास्ते में कार का टायर फट गया और कार बेकाबू होकर आगे से आ रही बस से टकरा गई। हादसे में अक्षत, आशु और नीता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नितिन और नेहा को लखनऊ केजीएमयू अस्पताल रेफर किया गया। बच्ची अनाया सुरक्षित है और उसे परिवार को सौंप दिया गया। मुख्यमंत्री ने घटना की जानकारी मिलते ही अपनी शोक संवेदना प्रकट की है।

## विश्व बाजार में गिरता रुपया चिंताजनक: मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एयरलाइंस संचालन और विश्व बाजार में रुपये की गिरती कीमत को लेकर देश भर में व्याप्त अफरा-तफरी को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश भर में बेरोजगारी, गरीबी आदि की विकराल समस्याएं व्याप्त है।

दिल्ली में वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या, विश्व बाजार में रुपये की गिरती कीमत आदि को लेकर देश के जो वर्तमान हालात हैं व लोगों की जो दिन- प्रतिदिन की परेशानियां-दिक्कतें हैं उससे पूरा देश चिन्तित है। जिसका समाधान, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान को, आमजन के हित में सही से लागू करके ही तलाशा जाना बेहतर होगा।


उन्होंने कहा कि सरकारों को व्यावसायिक दृष्टिकोण त्यागकर विशुद्ध जनहित व जनकल्याण की ईमानदार नीयत से नीति, कानून एवं कार्यक्रम आदि बनाने होंगे, तभी समस्याओं से छुटकारा तथा देश व जनहित संभव। मायावती ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने व्यापक देश व जनहित को मद्देनजर रखकर ही आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहे और अन्ततः देश के करोड़ों बहुजनों के हित, कल्याण एवं उत्थान के लिए यहां संविधान में अनेकों अधिकार देकर कानून बनवाये, जिन पर सही से अमल बहुत जरूरी।

## परीक्षा केंद्रों की नई सूची जारी 78 स्कूलों ने जताई आपत्ति

**मीरजापुर।** वर्ष 2026 की यूपी बोर्ड परीक्षाओं के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी 105 परीक्षा केंद्रों की सूची ने मीरजापुर जिले में हलचल मचा दी है। सूची जारी होने के बाद अंतिम तिथि तक कुल 78 विद्यालयों ने आपत्तियां दर्ज कराईं, जिनमें कई पुराने परीक्षा केंद्र भी शामिल हैं।

नई सूची जारी होने के बाद 24 विद्यालयों ने शिकायत की कि पिछले वर्षों की तरह उनका स्कूल इस बार परीक्षा केंद्र क्यों नहीं बनाया गया। 11 विद्यालयों ने अधिक छात्रों का आवंटन होने पर आपत्ति जताई। 26 विद्यालयों ने केंद्रों की दूरी अधिक होने की समस्या बताई। इसी तरह 17 विद्यालयों ने अन्य कारणों से आपत्तियां दर्ज कराईं।

### पुराने केंद्रों का बहिष्कार



पिछले वर्ष केंद्र रहे 24 विद्यालय इस बार सूची में नहीं हैं। इनमें चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज, बोधनराम बिंद इंटर कॉलेज, बाबू घनश्याम सिंह इंटर कॉलेज सिहावल, गुलाब कली इंटर कॉलेज मवैया, पंडित पारसनाथ इंटर कॉलेज मनिकठा, गीता स्वामी इंटर कॉलेज महुवारी कला, अनंती देवी इंटर कॉलेज कटका मझवां शामिल हैं। इन विद्यालयों ने परीक्षा केंद्र बहाल करने की मांग की है।

### केंद्रों की दूरी और सुविधाएं

कुछ विद्यालय जैसे नागेंद्र नारायण इंटर कॉलेज, बापू उपरौध इंटर कॉलेज, चंद्रगुप्त मौर्य इंटर कॉलेज ने परीक्षा केंद्र की दूरी अधिक होने पर शिकायत की है। दिलचस्प बात यह है कि इस बार चार कमरे वाले राजकीय हाईस्कूल को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। डीआईओएस माया राम ने बताया कि परीक्षा केंद्रों का निर्धारण ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र तय करते समय परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता और नकल पर रोक को प्राथमिकता दी गई है।

# सरेराह अपहरण के बाद युवक की हत्या

### हत्या से पहले दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, दो आरोपी गिरफ्तार

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक दर्दनाक घटना घटी। साढा पुर गांव निवासी युवक अमन यादव को अराजक तत्वों ने मारपीट के बाद आर्टिगा कार में जबरन बैठा लिया। अपहरण कर उसके साथ बर्बरता से पेश आने के बाद युवक की हत्या कर शव को इब्राहिमपुर पुल के पास फेंक दिया गया। साढपुर गांव के स्कूल मैदान में अमन यादव को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। वहां खून बिखरा मिला। घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, और अपहरण का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### आपसी विवाद की वजह से हुई हत्या




चांदा कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि शव बरामद कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने कहा कि आरोपित मयंक यादव और शिवम यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है और उनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। उन्होंने बताया कि घटना की वजह आपसी विवाद है। घटना की तस्वीर और सीसीटीवी फुटेज समाज में भय और सनसनी पैदा कर रही है।

## सेना को गैर-राजनीतिक रहना अनिवार्य: लेफ्टिनेंट जनरल

**फर्रुखाबाद।** सेना को हमेशा गैर राजनीतिक और सम्प्रदाय रहना चाहिए। यह बात रविवार को उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद में लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने कही। कटियार राजपूत रेजिमेंट के एक दिवसीय दौरे पर आए थे, जहां उन्होंने प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी ली।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने दुश्मन को करारी शिकस्त दी। उन्होंने बताया कि जिन्होंने योजना बनाई, उनके शिविर नष्ट किए गए और जिन्होंने सीधे कार्रवाई की, उन्हें भी मार गिराया गया। श्री कटियार ने राजपूत रेजिमेंट की तारीफ करते हुए कहा कि यह regiment भारतीय सेना का अहम हिस्सा है और इसके जवान सुरक्षा के साथ-साथ खेलों में भी नाम रोशन कर चुके हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल कटियार ने कहा कि सेना को चीन और पाकिस्तान सहित पड़ोसी देशों से सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेना को ऑपरेशन एक्सरसाइज जारी रखना चाहिए और ड्रोन हमलों के प्रति भी तैयार रहना आवश्यक है।

# बेटी को पिलाने के बाद मां ने भी गटका कीटनाशक

**मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले के विंध्याचल थाना क्षेत्र के तिलई मौआर गांव में शनिवार शाम एक दर्दनाक घटना घटी। एक मां ने पहले अपनी बेटी को कीटनाशक पिला दिया और फिर खुद पी लिया। दोनों को वाराणसी ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन रात करीब 11 बजे इलाज के दौरान मां-बेटी ने दम तोड़ दिया। मौआर गांव निवासी रंजना देवी (38) पत्नी बालेंद्र पटेल ने अपनी छह वर्षीय बेटी आस्था को कीटनाशक दवा पिलाई। घर में मौजूद 12 वर्षीय बड़ी बेटी अतिस्था ने बताया कि मां ने उसे भी घोल पीने के लिए मजबूर किया, लेकिन वह डरकर भाग निकली। भागते समय उसने देखा कि मां ने भी कीटनाशक पी लिया था। बड़ी बेटी अतिस्था ने रोते हुए करीब 500 मीटर दूर अपने दादा मटर पटेल के पास जाकर घटना की जानकारी दी। परिजन तुरंत घर पहुंचे और देखा कि रंजना और छोटी बेटी आस्था के मुंह से झाग निकल रहा था। उन्हें पीएचसी सर्रोई ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया।



### दंपती के बीच चल रही थी अनबन

दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मृतका रंजना देवी दो बेटियों की मां थीं। बड़ी बेटी अतिस्था ने बताया कि पिता बालेंद्र पटेल 29 नवंबर को सूरत, गुजरात गए थे। बच्चों ने यह भी कहा कि कुछ समय से माता-पिता के बीच अनबन चल रही थी। थाना प्रभारी वेदप्रकाश पांडेय ने बताया कि कीटनाशक पीने से मां-बेटी की मौत हुई है।

## व्यापार जगत

# ईस्टर्न कोलफील्ड्स में आर्थिक संकट



### 45 हजार कर्मचारियों में लगातार बढ़ रही नाराजगी

### खरीदारों पर लगभग 2000 करोड़ रुपये का बकाया

**आसनसोल।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (इसीएल) गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है, जिसके कारण कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर असर पड़ा है। अक्टूबर माह का वेतन काफी देरी से नवंबर में दिया गया था, जबकि नवंबर का वेतन अब तक जारी नहीं हो पाया है। इससे 45 हजार से अधिक कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार खरीदारों पर करीब 2,000 करोड़ रुपये का बकाया है, जिसमें अकेले डीवीसी पर 500 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। बड़ी देनदारियों के कारण कंपनी का नकदी प्रवाह प्रभावित हुआ है और वेतन भुगतान अनिश्चित हो गया है। उत्पादन सामान्य होने के बावजूद परिवहन में कमी भी संकट की एक वजह बताई जा रही है। इसीएल रोजाना 1.80 से 2 लाख टन कोयला तो निकाल रहा है, लेकिन ट्रांसपोर्टेशन घटकर केवल 1.20 लाख टन रह गया है। इससे विभिन्न डीपो और साइडिंग पर करीब 6.5 लाख टन कोयला जमा हो गया है, जो सुरक्षा जोखिम भी पैदा कर रहा है।

### बरसात के कारण मांग में आई कमी

अधिकारियों का कहना है कि लंबे समय तक चली बारिश के कारण इस वर्ष देशभर में पावर प्लांट्स की कोयला मांग घटी है। कई पावर प्लांट्स के पास एक महीने से अधिक का स्टॉक उपलब्ध है, जिसके चलते उन्होंने कोयले की खरीद कम कर दी है। वहीं, पश्चिम बंगाल के पावर प्लांट अपने स्वयं के कोल ब्लॉक से कोयला उठा रहे हैं, और कई कंपनियों को नए कोल ब्लॉक मिलने से ईसीएल से खरीद में कमी आई है।

भारतीय मजदूर संघ के नेता जयंत चौबे ने कहा कि सस्ते आयातित कोयले और कमर्शियल माइनिंग के चलते बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ी है, जिससे ईसीएल का कोयला महंगा पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि डीवीसी शीघ्र भुगतान करने का आश्वासन दे चुका है और राशि मिलते ही वेतन जारी कर दिया जाएगा।

# टॉप कंपनियों के बाजार मूल्य में इजाफा

## टीसीएस और इंफोसिस ने दिखाई मजबूती

एजेंसी | नई दिल्ली

देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच ने बीते सप्ताह निवेशकों को मजबूत रिटर्न दिया। इन कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 72,285 करोड़ रुपये बढ़ा है। सबसे अधिक फायदा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों—टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस—को हुआ है।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार जिन कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, उनमें भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस शामिल हैं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एलएंडटी और एलआईसी के मूल्यांकन में गिरावट आई।




### टीसीएस में सबसे बड़ी उछाल

टीसीएस ने इस दौरान सबसे बड़ी उछाल दर्ज की, जिसका बाजार पूंजीकरण 35,909 करोड़ रुपये बढ़कर 11.71 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। इंफोसिस का मार्केट कैप भी 23,404 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 6.71 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस में 6,720 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल में 3,791 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई।

### रिलायंस के मूल्य में गिरावट

दूसरी तरफ, रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार मूल्य में 35,116 करोड़ रुपये की गिरावट आई, हालांकि कंपनी अभी भी देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी हुई है। साप्ताहिक उतार-चढ़ाव के बीच बीएसई सेंसेक्स में मात्र 5.7 अंकों की मामूली बढ़त दर्ज हुई, जबकि एनएसई निफ्टी 16.5 अंक फिसल गया।

## फेड और FII के रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार इस सप्ताह वैश्विक संकेतों के सहारे चलेगा। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों पर होने वाली अहम बैठक और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियां बाजार की चाल तय करने वाले मुख्य कारक मानी जा रही हैं।

विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की नजर 9-10 दिसंबर को होने वाली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक पर टिकी है। फेड की ओर से ब्याज दरों पर किसी भी संकेत का असर सीधे वैश्विक बाजारों और जोखिम उठाने की धारणा पर पड़ेगा। इसके साथ ही 12 दिसंबर को जारी होने वाले देश के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े भी बाजार की गति को प्रभावित करेंगे। रुपये की चाल भी इस सप्ताह निगरानी में रहेगी। बीते दिनों डॉलर के मुकाबले रुपये का स्तर 90 से नीचे चला गया था, जिससे निवेशकों के बीच सतर्कता का माहौल बना हुआ है। पिछले हफ्ते बाजार में हल्की तेजी देखने को मिली थी।

# परियोजनाओं का ऋण रोकने का कोई निर्देश नही: MNRI

## मंत्रालय ने नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण रोकने की खबरों का किया खंडन

**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने रविवार को स्पष्ट किया कि उसने वित्तीय संस्थाओं को नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं या उपकरण निर्माण इकाइयों के लिए ऋण रोकने का कोई निर्देश नहीं दिया है। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण उस समय आया है जब मीडिया में यह खबरें फैल रही थीं कि अत्यधिक क्षमता की चिंताओं के कारण एमएनआरई ने ऋणदाताओं को नई वित्तीय सहायता रोकने की सलाह दी है। एमएनआरई ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया।

मंत्रालय के अनुसार, भारत ने अपनी स्थापित विद्युत क्षमता का 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल कर लिया है, जो पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच साल पहले पूरा हुआ। 31 अक्टूबर 2025 तक, गैर-जीवाश्म स्रोतों से स्थापित क्षमता लगभग 259 गीगावाट थी, जिसमें वित्त वर्ष 2025-26 में अक्टूबर तक 31.2 गीगावाट की वृद्धि दर्ज की गई।



### हितधारकों के साथ संवाद जारी

एमएनआरई ने यह भी कहा कि वह सौर ऊर्जा विनिर्माण तंत्र को मजबूत करने के लिए निरंतर नीतिगत समर्थन, बुनियादी ढांचे का विकास और नवाचार सुनिश्चित करता रहेगा। मंत्रालय हितधारकों के साथ संवाद जारी रखेगा ताकि भारत की सौर ऊर्जा यात्रा समावेशी, प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार बनी रहे।

## खुदरा ऋण दरों में 0.25% की कटौती

**नई दिल्ली।** बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने भी रेपो रेट से जुड़ी ऋण दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती की घोषणा की है। यह कदम घर, वाहन और शिक्षा ऋण सहित बैंक के सभी प्रमुख ऋण उत्पादों की लागत को कम करेगा।

बैंक ने बताया कि कटौती शनिवार से लागू हो गई है। इसके तहत आवास ऋण की ब्याज दर 7.10% और कार ऋण की दर 7.45% होगी, जो वर्तमान में बैंकिंग क्षेत्र में सबसे कम दरों में से एक मानी जा रही है।

बीओएम के इस निर्णय का आधार रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट में 0.25% की हालिया कटौती है।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच के लिए गर्वनर और सीएम को न्यौता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 14 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जाने वाले टी 20 सीरीज के मैच के लिए मुख्यमंत्री, राज्यपाल और मुख्य न्यायाधीश को न्यौता भेजा है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने बताया कि एसोसिएशन की तरफ से राज्य के इन तीन प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को आगामी टी 20 अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया है, जो 14 दिसंबर 2025 को एचपीसीए स्टेडियम, धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचपीसीए इस हाई-प्रोफाइल मैच की मेजबानी करके गौरवान्वित है और उन प्रतिष्ठित नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति की प्रतीक्षा कर रहा है, जिनका सहयोग हिमाचल प्रदेश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में हमेशा सहायक रहा है।

### कराटे चैंपियनशिप में कानीन जुकु के खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक

**वाराणसी।** वाराणसी के सन वैली पब्लिक स्कूल के भोमी कैंपस में 6 और 7 दिसंबर को हुई तीसरी यूएसकेआई ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप में कानीन जुकु आर.बी. मार्शल आट्‌र्स अकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। अकेडमी के खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में कुल 10 पदक अपने नाम किए हैं। अकेडमी के 6 खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में बेहतरीन खेल दिखाते हुए 6 स्वर्ण, 3 रजत और 01 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में खुशी मजूमदार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए काता और कुमिते दोनों वर्गों में रजत पदक हासिल किया। आरुषि वर्मा ने काता और कुमिते दोनों ही वर्गों में स्वर्ण पदक जीता। दृष्टि उपाध्याय ने कुमिते वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि रिया राजभर ने कुमिते में कांस्य पदक अर्जित किया। देवेंद्र राय ने अपने दमदार प्रदर्शन से कुमिते के साथ-साथ काता वर्ग में भी स्वर्ण पदक जीता।

# ब्रिसबेन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज में 2-0 की बढ़त बनाई

### इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में बनाई जगह

**ब्रिसबेन।** ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन में खेले गए दूसरे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड को आठ विकेट से मात देकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली है। डे-नाइट टेस्ट के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 65 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे उसने केवल दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले मैच में भी इंग्लैंड को आठ विकेट से हराकर अपनी मजबूत स्थिति कायम की।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और अपनी पहली पारी में 334 रन बनाए। टीम के लिए सबसे बड़ी पारी जो रूट ने खेली, जिन्होंने 206 गेंदों में नाबाद 138 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली ने 76 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दी। अन्य खिलाड़ियों में जोफ्रा आर्चर (38), हैरी ब्रूक (31), कप्तान बेन स्टोक्स (19) और विल जैक्स (19) रन शामिल थे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने पहली पारी में 6 विकेट लिए, जबकि स्कॉट बोलैंड, ब्रेंडन डोगेट और माइकल नेसेर ने एक-एक विकेट लिया।

इस मैच में मिचेल स्टार्क ने पूरे मैच में 8 विकेट लिए और 77 रन बनाए। उन्हे प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। और माइकल नेसेर ने दूसरी पारी में 5 विकेट झटके। इसी तरह स्टीव स्मिथ, जेक वेदराल्ड, मार्नस लाबुशेन ने महत्वपूर्ण बल्लेबाजी की।

### ऑस्ट्रेलिया की मजबूत जवाबी पारी



जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 511 रन बनाए और इंग्लैंड पर 177 रन की बढ़त बनाई। टीम के पांच खिलाड़ियों ने अर्धशतक लगाया। इसमें जेक वेदराल्ड ने 72 रन, मार्नस लाबुशेन ने 65 रन, स्टीव स्मिथ ने 61, एलेक्स कैरी ने 63 और मिचेल स्टार्क ने 77 रन ठोंके। इसके अलावा कैमरून ग्रीन (45), ट्रेविस हेड (33) और जोश इंगलिस (23) रन भी शामिल थे। इंग्लैंड की ओर से ब्राइडन कार्स ने 4 और बेन स्टोक्स ने 3 विकेट लिए।

### दूसरी पारी और ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य

इंग्लैंड की दूसरी पारी 241 रन पर सिमट गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने 152 गेंदों में 50 रन बनाए, वहीं विल जैक्स ने 41 रन जोड़े। जैक क्राउली (44) और ओली पोप (26) को अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन वह बड़ी पारी नहीं खेल पाए। पहले मैच में शतक लगाने वाले जो रूट इस बार केवल 15 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 65 रन का लक्ष्य मिला, जिसे उसने केवल दो विकेट गंवाकर हासिल किया। सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने 22 और मार्नस लाबुशेन ने 3 रन बनाए। अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ (नाबाद 23) और जेक वेदराल्ड (नाबाद 17) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया।

## भारती मुदी साड़ी में मैदान संभालकर फुटबॉल को दे रहीं नई दिशा



**बांकुड़ा।** सामाजिक प्रतिबंधों और पारंपरिक सोच को पीछे छोड़ते हुए बांकुड़ा की भारती मुदी आज ग्रामीण फुटबॉल की नई पहचान बन चुकी हैं। छातनार दुमदुम क्षेत्र की यह विवाहिता युवती कभी खुद खेल से रोकी गई थीं, लेकिन अब वही भारती आदिवासी लड़कियों के लिए प्रेरणा बनकर उन्हें पेशेवर फुटबॉल की राह दिखा रही हैं। रसोई से लेकर कोचिंग मैदान तक का उनका सफर चुनौतियों से भरा रहा, लेकिन हार न मानने वाले जज्बे ने उन्हें कोच भारती बना दिया। उनकी अगुवाई में स्थानीय टीम गोवा, चंडीगढ़ और भुवनेश्वर तक जीत की झंकार बिखेर चुकी है। उनके प्रशिक्षण से दूर-दराज गांवों की कई बच्चियों ने खेल को करियर बनाने का सपना देखना शुरू किया है।

### गांव की बेटियों को दिखा रहीं रास्ता

रविवार की सुबह स्थानीय मैदान पर साड़ी में फुटबॉल खेलते हुए भारती मुदी का उत्साह देखने लायक था। उन्होंने कहा, "मेरी कोशिश है कि गांव की बेटियों को खेल के प्रति जागरूक करूं और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर दूं। सपने देखने का अधिकार सभी को है।" साड़ी में फुटबॉल का प्रशिक्षण देने वाली 'कोच भारती' आज इस बात का जीवंत उदाहरण हैं कि दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती। वे न सिर्फ बंगाल के फुटबॉल को नई ऊर्जा दे रही हैं, बल्कि ग्रामीण समाज की सोच में भी सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

मोनाल कप 2025

# सचिवालय लायंस और ईगल्स की शानदार जीत

**देहरादून।** मोनाल कप–2025 के रविवार को खेले गए रोमांचक मुकाबलों में सचिवालय लायंस और सचिवालय ईगल्स ने अपने-अपने मैच जीतकर अंक तालिका में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में हुए दोनों मैचों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पहले मुकाबले में सचिवालय विंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 156




रन बनाए। टीम के सुंदर भंडारी ने 41 रन की उपयोगी पारी खेली। लायंस की ओर से मदन और धीरेंद्र सिंह ने 2-2 विकेट लेकर गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ा। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय लायंस ने संयमित शुरुआत के साथ 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के मदन ने 46 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि सोमपाल सिंह ने 31 रन का योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के लिए मदन 'मैन ऑफ द मैच' चुने गए। दूसरे मैच में सचिवालय ईगल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 159 रन बनाए।

# इंटर मियामी पहली बार MLS कप चैम्पियन

### वैंकूवर पर 3–1 की ऐतिहासिक जीत

एजेंसी । नई दिल्ली

इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कर लिया है। टीम ने फाइनल मुकाबले में वैंकूवर वाइटकैप्स को 3–1 से मात देकर अपना पहला एमएलएस कप खिताब जीत लिया। फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल स्थित चेस स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक फाइनल में लियोनल मेसी भले ही गोल नहीं कर पाए, लेकिन उनके दो निर्णायक असिस्ट जीत की नींव साबित हुए।



### मुकाबले की शुरुआत से ही इंटर मियामी हावी

मैच के शुरुआती मिनटों में वैंकूवर की एक बड़ी गलती ने मियामी को बढ़त दिला दी। आत्मघाती गोल की बदौलत मियामी 1–0 से आगे हो गया। दूसरे हाफ में वैंकूवर ने दमदार वापसी की और 60वें मिनट में बराबरी का गोल दाग दिया। इसके बाद मैदान पर मेसी का जादू देखने को मिला। उन्होंने 71वें मिनट में आर. डी पॉल को बेहतरीन पास देकर गोल करवाया और फिर स्टॉपेज टाइम (90+6) में टी. अलेनडे के गोल में महत्वपूर्ण असिस्ट दिया।

### यह टीम की मेहनत का फल

एमएलएस डॉट कॉम के अनुसार मेसी ने मैच के बाद कहा, एमएलएस में आने का फैसला तीन साल पहले किया था और आज हम चैंपियन हैं। पिछले साल जल्दी बाहर हो गए थे, लेकिन इस बार हमारा लक्ष्य साफ था—खिताब जीतना।" उन्होंने कहा कि टीम ने पूरे सीजन कड़ी मेहनत की और यह जीत उनके सामूहिक प्रयास का नतीजा है।

## बॉ ली वु ड

# 2 दिन में 'धुरंधर' का धुआंधार प्रदर्शन




फिलहाल बॉक्स ऑफिस पर एक ही नाम का शोर है, 'धुरंधर'। रणवीर सिंह की यह मेगा-मसाला एंटरटेनर रिलीज होते ही ऐसा तूफान लेकर आई है कि केवल दो दिनों में इसकी कमाई आसमान छू चुकी है। रणवीर का गुस्सा, स्टाइल और धमाकेदार एक्शन दर्शकों को दीवाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर भी चर्चा है कि अभिनेता अपने पुराने, जबरदस्त अंदाज में वापसी कर चुके हैं।

सैकनिल्क के शुरुआती अनुमानों के मुताबिक 'धुरंधर' ने रिलीज के दूसरे दिन 31 करोड़ रुपये का शानदार कारोबार किया। इसके साथ ही फिल्म की दो दिन की कुल कमाई भारत में 58 करोड़ रुपये हो गई है। पहले दिन फिल्म ने 27 करोड़ रुपये बटोरे थे, जो रणवीर सिंह के करियर की सबसे बड़ी ओपनिंग साबित हुई। सिनेमाघरों के बाहर लंबी कतारें और सोशल मीडिया पर बढ़ती चर्चा इस बात का सबूत हैं कि फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आ रही है।

### जल्द करेगी 100 करोड़ क्लब में एंट्री

आदित्य धर के निर्देशन में बनी 'धुरंधर' ने सिर्फ दो दिनों में ही 50 करोड़ क्लब में दमदार एंट्री कर ली है। अगर इसी रफ्तार से फिल्म कमाई करती रही, तो जल्द ही यह 100 करोड़ क्लब में शामिल हो जाएगी। 280 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म में रणवीर के साथ अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, अक्षय खन्ना और सारा अर्जुन जैसे सितारे नजर आए हैं। निर्देशक आदित्य धर पहले भी अपनी फिल्म 'उरी : द सर्जिकल स्ट्राइक' से सबको चौंका चुके हैं, जो विक्की कौशल की करियर–परिभाषित फिल्मों में से एक रही। इसके अलावा आदित्य ने 'आर्टिकल 370' का भी निर्माण किया था, जिसमें यामी गौतम लीड रोल में थीं। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इस फिल्म की तारीफ की थी। 20 करोड़ के बजट में बनी 'आर्टिकल 370' ने 110 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की थी।

इसी दौरान सिनेमाघरों में धनुष और कृति सैनन की फिल्म 'तेरे इश्क में' भी मजबूती से टिक हुई है। अपनी रिलीज के 9वें दिन फिल्म ने 5.50 करोड़ का कारोबार किया और कुल कलेक्शन 92.90 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। 85 करोड़ के बजट में बनी यह रोमांटिक–ड्रामा अब मुनाफे में है और 'धुरंधर' जैसे बड़े प्रतिस्पर्धी के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर अपना दमखम बनाए हुए है।



# 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग पूरी


बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। फिल्म के सेट से सामने आई नई तस्वीरों में सलमान खान और अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह भारतीय सेना की वर्दी में नजर आए, जिसके बाद सोशल मीडिया पर फिल्म की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म का आखिरी शूट शेड्यूल लेह-लद्दाख में हुआ, जो अक्टूबर के मध्य से शुरू होकर नवंबर के अंत तक चला। फैंस द्वारा साझा की गई बिहाइंड द सीन तस्वीरों में सलमान खान एक आर्मी ऑफिसर के कैरेक्टर में दिखाई दे रहे हैं, जिसे देखकर दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी. संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म वर्ष 2020 में गलवान घाटी में हुए संघर्ष पर आधारित है और सैनिकों की बहादुरी को बड़े परदे पर पेश करने का प्रयास करेगी। कुछ समय पहले सलमान का पहला लुक सामने आया था, जिसमें उनका चोटिल और रफ-टफ आर्मी अवतार देखने को मिला था।

इस एक्शन ड्रामा को अपूर्व लाखिया निर्देशित कर रहे हैं। यह पहली बार है जब सलमान और चित्रांगदा एक साथ स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज को लेकर आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है।

# ठगी के आरोप में डायरेक्टर विक्रम भट्ट गिरफ्तार

बॉलीवुड निर्देशक विक्रम भट्ट को मुंबई की यारी रोड से गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान पुलिस और मुंबई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भट्ट पर आरोप है कि उन्होंने उदयपुर के एक डॉक्टर से फिल्मों के नाम पर 30 करोड़ रुपये की ठगी की। उदयपुर पुलिस के अनुसार, डॉक्टर अजय मुर्डिया ने भट्ट, उनकी पत्नी श्वेतांबरी भट्ट और अन्य 6 आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों ने फिल्मों में निवेश करने का झांसा देते हुए डॉक्टर से मोटा निवेश लिया, लेकिन अपेक्षित फिल्में या रॉयल्टी नहीं दी गई। आरोप है कि चार फिल्मों के लिए एग्रीमेंट हुआ था, लेकिन सिर्फ दो फिल्में बनी और उनके राइट्स डॉक्टर को नहीं दिए गए। साथ ही,



कथित रूप से फर्जी बिल और ओवरवैल्यूड बिल बनाए गए। पुलिस अब भट्ट को ट्रांजिट रिमांड पर उदयपुर ले जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बांद्रा कोर्ट में अर्जी दी जाएगी, ताकि आगे की पूछताछ और मामलों की तह तक पहुंचा जा सके। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सात दिन पहले ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया था, जिससे आरोपी उड़ान भर न सकें।

# बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की बहन ने की शादी

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी बहन कृतिका तिवारी की शादी को लेकर चर्चा में हैं। शादी के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, वहीं लंबे समय तक यह सवाल उठता रहा कि आखिर कार्तिक के जीजा हैं कौन। परिवार ने शादी को बेहद निजी रखकर दूल्हे की पहचान कार्यक्रम के दौरान बाहर नहीं आने दी थी, लेकिन अब पता चला है कि कृतिका ने तेजस्वी कुमार सिंह से विवाह किया है। सूत्रों के अनुसार, तेजस्वी एयर इंडिया में एयरक्राफ्ट पायलट हैं। वे फिल्म इंडस्ट्री से नहीं आते और मेरठ मूल निवासी हैं, जबकि फिलहाल जमशेदपुर में रहते हैं। तेजस्वी के इंस्टाग्राम पोस्ट और तस्वीरों से यह संकेत मिलता है कि कृतिका और तेजस्वी लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे और संभवतः कॉलेज के दौर से ही साथ हैं। जानकारी सामने आई है कि दोनों ने जनवरी 2025 में सगाई की थी और अब शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी का आयोजन कार्तिक के होमटाउन ग्वालियर में परिवार और नज़दीकी रिश्तेदारों की मौजूदगी में हुआ।

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में कार्तिक भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह के गाने "लगावेलु जब लिपिस्टिक" पर थिरकते हुए दिखाई दिए। शादी में कार्तिक का मस्तीभरा अंदाज़ फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। फैन्स लगातार शादी की तस्वीरों पर कमेंट कर भाई-बहन के इस खास पल की बधाई दे रहे हैं।



# 12000 फीट की ऊंचाई पर सेना के लिए खुली श्योक टनल




**एजेंसी | नई दिल्ली**

पूर्वी लद्दाख में 12 हजार फीट से अधिक ऊंचाई पर बनी रणनीतिक श्योक टनल रविवार को औपचारिक रूप से सेना के लिए खोल दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उद्घाटन किए जाने के साथ ही डेपसांग–डीबीओ सेक्टर तक भारतीय सेना की पहुंच अब और तेज, सुरक्षित और हर मौसम में सुनिश्चित हो गई है। इस टनल के operational होते ही बर्फबारी वाले महीनों में भी सैनिकों, हथियारों और आवश्यक लॉजिस्टिक सप्लाई की गति कई

### दौलत बेग ओल्डी मार्ग पर है टनल

दर्बुक–श्योक–दौलत बेग ओल्डी (DSDBO) मार्ग पर निर्मित यह सुरंग एलएसी के समीप स्थित भारत की सबसे अहम सप्लाई लाइन का अभिन्न हिस्सा है। श्योक नदी के पास स्थित यह टनल उन कठिन दर्रों का विकल्प बनेगी, जो हर सर्दी बर्फबारी और हिमस्खलन के कारण बंद हो जाते थे। बीआरओ की इस परियोजना को सामरिक मजबूती के लिहाज से गेम–चेंजर माना जा रहा है।

### आपरेशन सिंदूर को बनाया सफल

उद्घाटन समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि मजबूत कनेक्टिविटी ही वह आधार है, जिसने हाल में हुए ऑपरेशन सिन्दूर जैसी ऐतिहासिक सैन्य कार्रवाई को सफल बनाया। उन्होंने बताया कि समय पर लॉजिस्टिक सपोर्ट, रियल–टाइम संचार और सड़क नेटवर्क की उपलब्धता ने सेना को निर्णायक बढ़त दिलाई।

## पूर्वी लद्दाख में सेना की आवाजाही अब हर मौसम में निर्बाध

### सुरक्षाकवच की तरह सर्विलांस सिस्टम

बीआरओ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि मजबूत सड़कें, ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क, ड्रोन सपोर्ट, रडार और सर्विलांस सिस्टम सीमा पर तैनात हर जवान के लिए सुरक्षा कवच की तरह हैं। कनेक्टिविटी आज राष्ट्रीय सुरक्षा की रीढ़ है और श्योक टनल इसका एक और सशक्त उदाहरण है।

- 12000 फीट की ऊंचाई पर बनी रणनीतिक श्योक टनल भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया उद्घाटन
- डीबीओ–डेपसांग सेक्टर तक अब तेज, सुरक्षित पहुंच
- बर्फबारी में भी सैनिकों और हथियारों की सप्लाई निर्बाध
- दर्बुक–श्योक–डीबीओ रोड पर स्थित, LAC के सबसे नजदीकी मार्गों में शामिल
- ऑपरेशन सिन्दूर में मजबूत कनेक्टिविटी की भूमिका का उल्लेख
- टनल से सेना की ऑपरेशनल तैयारी और अधिक सुदृढ़ होगी

### महत्वपूर्ण श्योक टनल और BRO को विस्तार

- पहाड़ी दर्रे सर्दियों में कई दिनों तक बंद
- हिमस्खलन का खतरा रहता था
- सप्लाई लाइन बाधित होने से परिचालन पर असर
- टनल ने हर मौसम की कनेक्टिविटी सुनिश्चित की
- सीमावर्ती इलाकों में सड़कों और पुलों का तेजी से निर्माण
- रियल–टाइम कम्युनिकेशन सिस्टम और आधुनिक सर्विलांस में बढ़ोतरी
- सेना की गतिशीलता बढ़ी, प्रतिक्रिया समय हुआ कम

### ग्रीन हाईड्रोजन का माइक्रोग्रिट प्लांट

उन्होंने लद्दाख में लगाए गए 200 किलोवाट के ग्रीन हाइड्रोजन आधारित माइक्रोग्रिड प्लांट का भी उल्लेख किया, जिसे हाल ही में चाणक्य डिफेंस डायलॉग के दौरान शुरू किया गया था। उनके अनुसार, सीमा क्षेत्रों में अधोसंरचना का तेज विकास न केवल सेना बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए भी जीवन–रेखा साबित हो रहा है।

### फॉरवर्ड मिलिट्री लोकेशन तक पहुंच हुई आसान

जिन प्रोजेक्ट्स का रक्षा मंत्री ने उद्घाटन किया वे लद्दाख और जम्मू–कश्मीर के साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, पश्चिम बंगाल और मिजोरम में हैं। नए और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से दूर–दराज के गांवों, सीमा चौकियों और फॉरवर्ड मिलिट्री लोकेशन तक पहुंच आसान हो गई है। सड़क परियोजनाओं में जम्मू–कश्मीर में 2, लद्दाख में 8, राजस्थान में 4, अरुणाचल प्रदेश में 10, सिक्किम में 2, पश्चिम बंगाल में 1 और मिजोरम में 1 सड़कें शामिल हैं। इससे देश के सबसे कठिन इलाकों में भी यातायात और संपर्क व्यवस्था काफी बेहतर हुई है।

# जंगल से निकल सड़क पर आए चीते

## एक को वाहन ने कुचला

- आगरा–मुंबई नेशनल हाईवे के घाटीगांव के सिमरिया मोड़ की घटना



**एजेंसी | ग्वालियर**

मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान से जंगल छोड़कर सड़क पर पहुंचे दो चीतों में से एक की रविवार तड़के मौत हो गई। आगरा–मुंबई नेशनल हाइवे पर घाटीगांव के सिमरिया मोड़ के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मादा चीते केजीबी–3 को कुचल दिया। हादसे में चीते की मौके पर ही जान चली गई। सूचना के बाद घाटीगांव पुलिस और वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और क्षेत्र को सील कर दिया। भीड़ को दूर रखते हुए चीते के शव को पोस्टमार्टम के लिए कूनो नेशनल पार्क भेज दिया गया है। वन विभाग अब उसके साथ मौजूद दूसरे शावक केजीबी–4 की तलाश कर रहा है।



### 48 घंटे में दूसरी मौत

एसडीओपी शेखर दुबे ने बताया कि वाहन की टक्कर इतनी तेज थी कि चीता उछलकर हाइवे किनारे जा गिरा और वहीं उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर खून के निशान भी मिले हैं। यह घटना कूनो में 48 घंटे में दूसरे चीते की मौत है। इससे पहले शुक्रवार को मादा चीता वीरा के एक शावक का शव जंगल में मिला था।

ताजा मौत के बाद कूनो में चीतों की संख्या घटकर 27 रह गई है, जिनमें 8 वयस्क और 19 भारत में जन्मे शावक शामिल हैं। पार्क प्रबंधन के अनुसार बाकी सभी चीते फिलहाल स्वस्थ हैं।

## न्यूज़ ब्रीफ

### खड़े ट्रेलर से कार टकराई, पांच की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में शनिवार देर रात एनएच–43 में पतराटोली के पास तेज रफ्तार कार खड़े ट्रेलर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना दुलदुला थाना क्षेत्र में हुई है।

बताया जा रहा है कि कार कुनकुरी से जशपुर जा रही थी, तभी हादसा हो गया। मृतक जशपुर जिले के चराईडांड़ इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दुलदुला थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि मृतकों के लिए परिजनों से संपर्क किया जा रहा है।

### बलोचिस्तान में टीटीपी के 12 आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने एक अहम ऑपरेशन में तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के 12 आतंकियों को मार गिराया। कार्रवाई कुलात जिले में खुफिया सूचना के आधार पर शनिवार को की गई। पाकिस्तान सेना की जनसंपर्क शाखा, इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलते ही इलाके को चारों ओर से घेर लिया गया। इसके बाद सुरक्षा बलों ने विद्रोहियों के ठिकाने पर जोरदार हमला किया। मुठभेड़ के दौरान भारी गोलीबारी हुई, जिसमें 12 टीटीपी लड़ाके मारे गए। आईएसपीआर के मुताबिक मौके से हथियार, गोला–बारूद और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। सेना ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवाद के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### अलास्का में 7.0 की तीव्रता से 20 बार डोली धरती



**जुनो (अलास्का)।** दक्षिण–पूर्वी अलास्का में शनिवार दोपहर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 7.0 दर्ज की गई। झटकों का केंद्र राजधानी जुनो से करीब 230 मील उत्तर–पूर्व में स्थित था। राहत की बात यह है कि अब तक किसी भी तरह के नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। फॉक्स न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) और यूनिवर्सिटी ऑफ अलास्का के भूकंप केंद्र ने बताया कि मुख्य भूकंप के बाद क्षेत्र में 20 से ज्यादा आफ्टरशॉक्स महसूस किए गए। इनमें 5.3 और 5.0 तीव्रता वाले झटके भी शामिल थे। विशेषज्ञों ने बताया कि भूकंप अमेरिका के अलास्का राज्य और कनाडा के युकोन क्षेत्र की सीमा से लगे एक पर्वतीय और कम आबादी वाले इलाके में आया, जिससे बड़े पैमाने पर नुकसान की आशंका नहीं बनी। कुछ झटकों की तीव्रता 3.3 तक दर्ज की गई। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र ने स्पष्ट किया है कि इन झटकों से किसी सुनामी का खतरा नहीं है।

## रायपुर-विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर 2026 तक हो जाएगा तैयार

# अब पांच में होगा 12 घंटे का सफर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश के सबसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में शामिल रायपुर–विशाखापत्तनम इकोनॉमिक कॉरिडोर दिसंबर 2026 तक पूरा हो जाएगा। परियोजना के शुरू होते ही छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश के बीच सड़क दूरी 597 किमी से घटकर 465 किमी रह जाएगी, जबकि यात्रा समय 12 घंटे से सीधे 5 घंटे हो जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) इस ग्रीनफील्ड 6-लेन कॉरिडोर का निर्माण 16,482 करोड़ रुपये की लागत से पीएम गतिशक्ति योजना के तहत कर रहा है। एक्सेस-कंट्रोल तकनीक से तैयार यह हाईवे 100 किमी/घंटा की डिजाइन स्पीड पर आधारित होगा।



### ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़े लोगों को राहत

माल परिवहन से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि समय कम होने से डीजल की बचत, वाहनों के रखरखाव की लागत में कमी, और एक ही ट्रक से ज्यादा ट्रिप लेने की सुविधा मिलेगी। एक ट्रांसपोर्टर के अनुसार, "पहले डेढ़ दिन लगने वाला सफर अब एक दिन में पूरा हो जाएगा।" कॉरिडोर धमतरी, कांकेर, केशकाल (छत्तीसगढ़), नबरंगपुर व कोरापुट (ओडिशा) और अराकू (आंध्र प्रदेश) सहित कई आदिवासी इलाकों को बेहतर सड़क सुविधा देगा। इससे शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। फिलहाल परियोजना के 15 पैकेजों में निर्माण कार्य तेज गति से जारी है।

### स्थानीय अर्थव्यवस्था को नया सहारा

परियोजना का प्रभाव जमीन और परिवहन क्षेत्र में दिखने लगा है। विजयनगरम जिले में जमीनों की कीमत 15 लाख रुपये प्रति एकड़ से बढ़कर 1.5 करोड़ रुपये प्रति एकड़ तक पहुंच गई है। किसान और स्थानीय निवासी इसे क्षेत्र की आर्थिक उन्नति का बड़ा अवसर मान रहे हैं।

### औद्योगिक क्षेत्रों को बड़ा फायदा

सड़क परिवहन मंत्रालय ने बताया कि कॉरिडोर से छत्तीसगढ़–ओडिशा के औद्योगिक क्लस्टरों को विशाखापत्तनम पोर्ट और चेन्नई–कोलकाता कॉरिडोर से सीधा जुड़ाव मिलेगा। इससे लॉजिस्टिक लागत घटेगी, सप्लाई चेन मजबूत होगी और निर्यात क्षमता बढ़ेगी। साथ ही मौजूदा NH–26 पर ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी।

## रडार पर इंडिगो | हाईकोर्ट के स्वीकृत FDTL को दिखाया ठेंगा

# इंडिगो प्रबंधन की लापरवाही पर केंद्र सरकार सख्त

- उड्डयन मंत्री ने प्रबंधन को ठहराया जिम्मेदार

**एजेंसी | नई दिल्ली**

हाल के दिनों में विमानन क्षेत्र में बढ़ी अव्यवस्था पर केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर किसन मोहोल ने कहा कि दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा स्वीकृत फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (FDTL) नियमों को लागू करने में इंडिगो प्रबंधन की लापरवाही के कारण ही यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अदालत के आदेश के अनुसार ड्यूटी अवधि को 10 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया जाना था। मंत्रालय ने एयरलाइंस को यह बदलाव दो चरणों में- 1 जुलाई 2025 और 1 नवंबर 2025-लागू करने को कहा था, लेकिन इंडिगो ने निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया।




### डीजीसीए ने बनाई चार सदस्यीय समिति

बिगड़ते हालात को देखते हुए मंत्रालय और डीजीसीए ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है तथा 24×7 नियंत्रण कक्ष भी शुरू किया गया है। सरकार ने FDTL लागू करने की समयसीमा फिलहाल फरवरी 2026 तक बढ़ा दी है। डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ को शो–कॉज नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। मंत्री मोहोल ने कहा कि श्यात्रियों की नाराज़गी जायज़ है और जांच पूरी होने के बाद कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### कंपनी ने ब नाया संकट प्रबंधन समूह

दूसरी तरफ कंपनी के निदेशक मंडल ने तुरंत प्रभाव से एक विशेष संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) बनाया है। यह कदम यात्रियों को हो रही असुविधाओं को दूर करने और उड़ान संचालन को पुनः सामान्य करने के उद्देश्य से उठाया गया है। कंपनी की ओर से रविवार को जारी बयान में बताया गया है कि इस विशेष समूह में विक्रम सिंह मेहता (अध्यक्ष), ग्रेग सारेत्स्की, माइक व्हिटेकर, अमिताभ कांत और कंपनी के सीईओ पीटर एल्बर्स शामिल हैं।

### 48 घंटे में सामान लौटाने का निर्देश

इसी बीच सरकार ने एयरलाइंस द्वारा अचानक बढ़ाए गए किरायों पर भी लगाम लगाते हुए नई किराया सीमा सूची जारी की है। साथ ही, इस अव्यवस्था से प्रभावित यात्रियों को बिना किसी रद्द शुल्क के पूर्ण धनवापसी, खोया सामान 48 घंटे के भीतर लौटाने का निर्देश दिया गया है। यह टीम लगातार समीक्षा बैठकों के माध्यम से स्थिति पर नजर रख रही है और प्रबंधन से नियमित अपडेट प्राप्त कर रही है। कंपनी के प्रवक्ता के अनुसार, बोर्ड इस समस्या के समाधान के लिए तेजी से कार्रवाई कर रहा है और उड़ानों के संचालन को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रवक्ता ने बताया कि प्रभावित यात्रियों को फुल रिफंड दिया जाएगा।

# मधेश प्रदेश में एक माह के भीतर तीसरी बार सीएम का शपथग्रहण




**एजेंसी | काठमांडू**


मधेश प्रदेश के नवनियुक्त मुख्यमंत्री कृष्णप्रसाद यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की है। उन्हें प्रदेश प्रमुख सुरेन्द्र लाभ कर्ण ने शपथ दिलाई। एक महीने में यह तीसरी बार है, जब मुख्यमंत्री पद का शपथग्रहण हुआ है। नेपाली कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री नियुक्त हुए यादव ने आज ही तीन सदस्यीय मंत्रिमंडल ने भी शपथ ग्रहण की है। इनमें जनमत के महेश यादव को वित्त मंत्री, नेपाली कांग्रेस की तरफ से जंगी लाल यादव और एकीकृत समाजवादी पार्टी की तरफ से कनिष्क पटेल ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली है। शपथ के बाद मुख्यमंत्री यादव ने बताया कि वे आने वाली 10 तारीख को प्रदेशसभा से विश्वास मत लेंगे। सत्ता पक्ष के सात दलीय गठबंधन की आज हुई बैठक में तीन दिन बाद ही विश्वास मत लेने का निर्णय किया गया। कांग्रेस प्रदेशसभा संसदीय दल के नेता यादव को एमाले को छोड़कर सात दलों के ७७ प्रदेश सभा के समर्थन में संविधान की धारा १६८(२) के तहत मुख्यमंत्री नियुक्त किया गया है। उन्हें कांग्रेस के २२, जसपा के १८, जनमत के १२, माओवादी के ९, लोसपा के ८, एकीकृत समाजवादी के ७ और नागरिक उन्मुक्ति के एक सांसद का समर्थन प्राप्त है।

# पोर्टल पर अपलोड हुआ 5,17,040 संपत्तियों का डेटा

## वक्फ संपत्तियों के डिजिटल रिकॉर्ड पूरे, 'उम्मीद' पोर्टल निर्धारित अवधि के बाद बंद

**एजेंसी | नई दिल्ली**

वक्फ संपत्तियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दर्ज करने और उनके प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए शुरू किया गया 'उम्मीद' पोर्टल अपनी निर्धारित छह माह की अवधि पूरी करने के बाद बंद कर दिया गया है। यह कदम उच्चतम न्यायालय के निर्देशों और वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों के अनुरूप उठाया गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने पोर्टल का शुभारंभ 6 जून 2025 को किया था। इसके बाद राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहयोग से बड़े पैमाने पर वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया।




### मंत्रालय ने की 20 से अधिक बैठकें

अभियान के दौरान मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार ने 20 से अधिक समीक्षा बैठकें कीं। राज्यों में नियमित प्रशिक्षण सत्र, कार्यशालाएं, सात क्षेत्रीय बैठकें और दिल्ली में दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर वर्कशॉप आयोजित की गई। तकनीकी सहायता के लिए विशेष हेल्पलाइन भी सक्रिय रही।

### 216905 संपत्तियां ही स्वीकृत

मंत्रालय के अनुसार पोर्टल पर कुल 5,17,040 संपत्तियों का डेटा अपलोड हुआ। इनमें 2,16,905 स्वीकृत, 2,13,941 प्रक्रियाधीन/प्रस्तुत और 10,869 अस्वीकृत (सत्यापनाधीन) संपत्तियां शामिल हैं। अंतिम चरण में रिकॉर्ड गति से डेटा अपलोड होने की वजह मंत्रालय और राज्यों के बीच लगातार समीक्षा बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा सचिव–स्तरीय हस्तक्षेपों को बताया गया है।

# ब्रिगेड मैदान में पांच लाख लोगों ने एक साथ पढ़ी गीता

- राज्यपाल सीवी बोस ने धार्मिक अहंकार खत्म करने का आह्वान किया
- साध्वी ऋतंभरा, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री और स्वामी ज्ञानानंद भी रहे मौजूद



**एजेंसी | कोलकाता**


ऐतिहासिक ब्रिगेड परेड मैदान रविवार को भगवद्गीता के सामूहिक पाठ से गूंज उठा। सनातन संस्कृति संसद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बागेश्वर बाबा), साध्वी ऋतंभरा और स्वामी ज्ञानानंद समेत कई साधु-संतों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस भी उपस्थित रहे। राज्यपाल बोस ने मंच से कहा कि अब धार्मिक अहंकार खत्म करने का समय आ गया है और उन्होंने भ्रष्टाचार के अंत व धर्म की स्थापना का संदेश भी दिया। उन्होंने भगवद्गीता के श्लोक "परित्राणाय साधूनाम विनाशाय च दुष्कृताम धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे" का हवाला देते हुए सामाजिक सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया। आयोजकों के अनुसार, यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा सामूहिक गीता पाठ था। स्वामी प्रदीप्तानंद महाराज ने कहा कि आध्यात्मिक अभ्यास विभाजन के माहौल में समाज को शांति और दिशा दे सकता है।

# ग्रीस में प्रवासियों से भरी नाव डूबी, 17 की मौत

**एजेंसी | एथेंस**

ग्रीस के तट के पास शनिवार शाम प्रवासियों से भरी एक नाव डूब गई, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद कोस्ट गार्ड ने दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया है। दोनों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार ग्रीस के समुद्री मामलों के मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना सबसे पहले तुर्किये के एक कार्गो जहाज से मिली। यह जहाज क्रीट के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 30 नॉटिकल मील की दूरी पर था।

## दो लोगों को जीवित बचाया जा सका



### 2023 में हुआ था बड़ा हादसा

कोस्ट गार्ड की प्रारंभिक जानकारी में 18 शव मिलने की बात कही गई थी। बाद में बचाए गए दोनों लोगों के बयान के आधार पर स्पष्ट हुआ कि नाव में कुल 17 लोग सवार थे। उल्लेखनीय है कि जून 2023 में दक्षिणी ग्रीस में एड्रियाना नामक मछली पकड़ने वाली नाव के डूबने से सैकड़ों प्रवासियों की मौत हो गई थी।

# कुख्यात कमांडर कबीर समेत 10 माओवादियों ने डाले हथियार

- मध्य प्रदेश में केबी डिवीजन के हथियारबंद माओवादियों का समर्पण बड़ी सफलता

**एजेंसी | बालाघाट**

मध्य प्रदेश के केबी डिवीजन में 10 सक्रिय माओवादी हथियार डालकर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर गए। जानकारी के अनुसार, इनमें कुख्यात माओवादी कमांडर कबीर भी शामिल है, जिस पर तीन राज्यों में कुल 77 लाख रुपये का इनाम घोषित था। सरेंडर की यह घटना मिशन 2026 के तहत माओवादी गतिविधियों को खत्म करने की रणनीति में बड़ी सफलता मानी जा रही है। पिछले दो महीनों में यह तीसरा बड़ा आत्मसमर्पण है, जिसमें पहले सुनीता और दर्रेकसा दलम के 11 माओवादी शामिल थे। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि कबीर का सरेंडर माओवादी नेटवर्क की संरचनात्मक कमजोरी और पुलिस दबाव का परिणाम है।



### उग्रवाद पर बड़ी कार्रवाई 11 कैडर गिरफ्तार

**इम्फाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने पिछले 24 घंटे में विभिन्न उग्रवादी संगठनों से जुड़े 11 कैडरों को गिरफ्तार किया। इम्फाल वेस्ट, थौबल, विष्णुपुर और काकचिंग जिलों में हुई यह कार्रवाई घाटी क्षेत्रों में सक्रिय उग्रवादी नेटवर्क को कमजोर करने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। गिरफ्तारियों में जी5, केवाईकेएल, आरपीएफ/पीएलए, यूएनएलएफ और केसीपी के सदस्य शामिल हैं। इन कैडरों के पास से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, हथियार और वाहन जब्त किए गए।